तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 2 मई 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




राजेंद्र नगर चौक के पास बीच सड़क पर खोद दिया गया है गड्ढा।

## खबर संक्षेप

### पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव का नगर आगमन आज



**बिलासपुर।** पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव 2 मई को बिलासपुर के दौरे पर रहेंगे। श्री सिंहदेव 2 मई को दोपहर 2.30 बजे सड़क मार्ग से रायपुर से बिलासपुर रवाना होंगे। दोपहर 3.30 बजे छग भवन बिलासपुर पहुंचेंगे। शाम 4 बजे अपोलो हासिपिटल के पास आयोजित स्वास्थ्य न्याय यात्रा में शामिल होंगे। पदयात्रा पश्चात नेहरू चौक में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। शाम 5.30 बजे सड़क मार्ग से बिलासपुर से रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन पर 4 ट्रैक्टर जब्त



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमला द्वारा सिरगिट्टी, सिलपहरी, चकरभाटा, रहंगी, दगोरी, उड़नताल मोहदा एंव अन्य क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की लगातार जांच की गई। बिना वैध अभिवहन पास के खनिज रेत एंव पत्थर का उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर 4 ट्रैक्टर वाहनों को खनिज नियमों के तहत जब्त कर पुलिस थाना बिल्हा में सुरक्षित रखा गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई जारी है।

### उसलापुर में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर आज से

**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारी ओम शांति सरोवर उसलापुर में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर समर कैंप का आयोजन 2 मई से 11 मई तक सुबह 6.30 से लेकर 8.30 बजे तक किया जाएगा। जिसमें 7 साल से 13 साल तक के सभी बच्चों को योग प्राणायाम, एरोबिक, मोरल वैल्यूज, ड्राइंग पेंटिंग, डांस, गेम्स, क्रिएटिव एक्टिविटी, मेडिटेशन, पढ़ाई में कंसंट्रेशन सिखाया जाएगा। रजिस्ट्रेशन पूर्णतः निःशुल्क है। इसकी अंतिम तिथि 4 मई है।

### सहकारी समिति की मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति 9 तक

**बिलासपुर।** परमेश्वरी बुनकर सहकारी समिति मर्यादित लोफंदी की मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 9 मई तक सोसाइटी कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण कर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 10 मई को सवेरे 11 बजे किया जाएगा।

### लिम्हा में लोक सुनवाई 13 जून को

**बिलासपुर।** बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम लिम्हा में स्थित मेसर्स तिवार्ता कोल बेनिफिसिऐशन लिमिटेड में कोल वॉशरी वेट टाइप के पर्यावरण स्वीकृति के लिए 13 जून को लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है। ये लोक सुनवाई लिम्हा के शासकीय हाई स्कूल मैदान में सुबह 11 बजे से शुरू होगी।

### आत्मानंद स्कूल में एडमिशन 5 तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिंदी मीडियम स्कूलों में एडमिशन की तैयारी एक बार फिर शुरू हो गई है। नया सेशन 2025-26 शुरू होने वाला है और इसी को लेकर 10 अप्रैल से आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू हो रही है। आवेदन 5 मई तक किए जा सकेंगे। इस बार कुल 751 स्कूलों में एडमिशन होगा।

# बंद होने की कगार पर आ गया नगोई का मल्टी स्किल सेंटर

# गारमेंट फैक्ट्री में सिलाई के लिए एक दिन का कपड़ा बचा

- सिलाई सेंटर में 244 सिलाई मशीनें लगीं, सिर्फ 10-12 महिलाएं पहुंच रहीं
- 4 करोड़ रुपए में 10 एकड़ में बना है सेंटर, पूरा सेंटर सुनसान और खाली पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगोई स्थित मल्टी स्किल सेंटर बरबाद और बंद होने की कगार पर आ गया है। करीब 4 करोड़ रुपए में 10 एकड़ में बने इस सेंटर में सिर्फ कपड़ा सिलाई का काम हो रहा है जबकि 10 अन्य दूसरे ट्रेड भी शुरू किए जाने थे। इसके अलावा कपड़ा सिलाई सेंटर में 244 सिलाई मशीनें लगी हैं, जहां इतनी ही महिलाओं को काम करते हुए रोजगार दिया जाना था, लेकिन मुश्किल से 10-12 महिलाएं ही पहुंच रही हैं। पूरा सेंटर सुनसान और खाली पड़ा है। सबसे बड़ी बात यह कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण महिलाओं को समय पर भुगतान नहीं किया गया तो यह सेंटर चार महीने बंद भी था। बड़ी मुश्किल से इसे शुरू किया गया, लेकिन फिर से तालाबंदी के आसार दिख रहे हैं। महिलाओं को सीलने के लिए कपड़ा नहीं मिल रहा है और खाली बैठीं हैं। एक दो दिन का कपड़ा ही सिलाई के लिए पड़ा है।

गौरतलब है कि महिलाओं को आजीविका देने के लिए गनियारी और नगोई में मल्टी स्किल सेंटर खोले गए थे। दोनों सेंटरों पर करीब 10 करोड़ की राशि खर्च की गई थी। गनियारी में तो पहले ही सिर्फ फ्लाइऐश ब्रिक्स का काम चल रहा था नगोई सेंटर की हालत भी खराब हो गई है। नगोई सेंटर में गारमेंट फैक्ट्री के साथ ही, फ्लाइऐश ब्रिक्स, पेवर ब्लॉक, गार्डनिंग, लोहे के तार आदि बनाए जाने थे। इसमें से फिलहाल सिर्फ गारमेंट फैक्ट्री ही मुश्किल से चल पा रही है।

अलग खबर

### पूरा परिसर उजाड़, खाली पड़ी कई एकड़ जमीन

देख रेख के अभाव में नगोई का यह सेंटर उजाड़ हो गया है। गारमेंट फैक्ट्री में जहां महिलाएं काम कर रहीं हैं वहां तो फिर भी कुछ हालत ठीक है। बाकी 10 एकड़ का पूरा परिसर सुनसान और कबाड़ हो गया है। बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आईं हैं। महिलाओं ने बताया कि सेंटर शुरू होने के साथ ही यहां टायलेट और बाथरूम बनाए गए थे। इसका ढांचा तो खड़ा किया गया लेकिन छत बनाना भूल गए। इसलिए इसका उपयोग नहीं किया जा सका। अब सभी बाथरूम टूट गए हैं। महिलाओं को खुले में जाना पड़ रहा है। पूरे परिसर पर नजर डालें तो कई एकड़ जमीन खाली है। इसका बेहतर उपयोग किया जा सकता है लेकिन प्रशासन का ध्यान नहीं हैं।



नगोई स्थित मल्टी स्किल सेंटर में काम करतीं महिलाएं।

### प्रस्ताव भेजा गया है

नगोई सेंटर में दो और प्रोजेक्ट चालू करने के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही इसकी स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। गारमेंट फैक्ट्री में काम कर रहीं महिलाओं को वेतन के साथ ही दूसरी सुविधाओं पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। कपड़े सप्लाई के लिए वेंडर को हिदायत दी गई है।

**- रामेन्द्र गुर्जर, नोडल** अधिकारी, एनआरएलएम

### 244 मशीनों में सिलाई के लिए 10 महिलाएं

हरिभूमि ने इस नगोई सेंटर का मंगलवार को जायजा लिया। 10 एकड़ का पूरा परिसर सूनसान और कबाड़ नजर आया। एक गारमेंट फैक्ट्री में काम करती हुईं कुछ महिलाएं दिखीं। नारी शक्ति महिला स्वसहायता समूह की रागिनी पांडे ने बताया कि फिलहाल 15-20 महिलाएं ही काम करने पहुंचती हैं जबकि मशीनें 244 के करीब लगी हैं। उन्होंने बताया कि एक समय पूरा परिसर भरा रहता था और ढाई सौ के करीब महिलाएं काम करते हुए आत्मनिर्भर बन रहीं थीं। रोजाना हजारों कपड़े तैयार हो रहे थे। इसमें नाइटी से लेकर फ्राक और सोफा कवर बन रहा था। ठेका कंपनी ने काम करने वाली महिलाओं को मजदूरी देना बंद कर दिया तो महिलाओं का आना कम हो गया। 244 महिलाओं को 4 महीने का करीब 2 लाख का भुगतान नहीं मिला तो बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और जिला प्रशासन से शिकायत की गई। इसके बाद भुगतान तो हुआ, लेकिन अभी भी कई महिलाएं बाकी है।

### हैदराबाद से सप्लाई नहीं बाजार भी नहीं मिला

ज्ञात हो कि इस गारमेंट फैक्ट्री में सिलाई और काम करने के लिए कपड़ा हैदराबाद से आता है। जानकारी के मुताबिक जिस वेंडर को नगोई सेंटर का काम मिला था उसने पूरी लापरवाही बरती। महिलाओं से शुरू में तो काम करा लिया गया, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। यही नहीं हैदराबाद में जिस कंपनी से कपड़ा आता था वहां भी राशि नहीं भेजी गई तो उसने कपड़ा देना बंद कर दिया। जिला पंचायत ने इस वेंडर को बदलकर किसी नए वेंडर को काम दिया है, इसके बाद भी कपड़े की सप्लाई नहीं हो रही है। यहां काम करने वाली महिलाओं ने बताया कि उन्हें एक कपड़ा सीलने पर 15 रुपए का कमीशन मिलता है। फिलहाल यहां सिर्फ नाइटी सीली जा रही है। एक दिन में एक महिला 20 नाइटी ही सील पा रही हैं।

### पूर्व विस अध्यक्ष व विधायक पं. स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला के गलत इलाज से मौत का मामला

# अपोलो हास्पिटल के फर्जी डाक्टर को दमोह से रिमांड पर लाया जा रहा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक पं. स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला के गलत इलाज से मौत के मामले में सरकण्डा पुलिस ने दमोह जेल से आरोपी डाक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेन्द्र जॉन केम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम फर्जी डाक्टर को रिमांड में शहर लाने रवाना हो गई है।

सरकण्डा सीएसपी सिद्धार्थ बघेल ने बताया, 2 अगस्त 2006 को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक पंडित राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। यहां उनकी एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की गई, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पिछले दिनों दमोह में फर्जी डाक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम को गिरफ्तार किया गया, पता चला कि उक्त डाक्टर 2006 में बिलासपुर अपोलो हास्पिटल में पदस्थ था और उसी ने स्व. शुक्ल का आपरेशन किया था। जानकारी मिलने के बाद स्व. शुक्ल के पुत्र डा. प्रदीप शुक्ला ने अपोलो हास्पिटल प्रबंधन और उक्त फर्जी डाक्टर के खिलाफ पुलिस से शिकायत की। इसे गंभीर आपराधिक घटना मानते हुए तत्काल कार्रवाई प्रारंभ कर उक्त मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अपोलो हास्पिटल प्रबंधन एवं पुलिस अधीक्षक दमोह से रिपोर्ट मंगाई गई। जांच में पता चला कि उक्त डाक्टर की डीएम कार्डियोलॉजी की डिग्री फर्जी है एवं उसका छ.ग. मेडिकल काउंसिल में पंजीयन नहीं है। आरोपी डाक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेन्द्र जॉन केम को एंजियोपलास्टी का अधिकार नहीं था। इस पर पुलिस ने फर्जी डाक्टर व अपोलो प्रबंधन के खिलाफ धारा 420, 466, 468, 471, 304, 34 के तहत अपराध कायम किया था। आरोपी फर्जी डाक्टर दमोह जेल में बंद था। सरकण्डा पुलिस दमोह जाकर कोर्ट से आरोपी फर्जी डाक्टर को बिलासपुर लाने प्रोडक्शन वारंट लेकर रिमांड में फर्जी डाक्टर नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव को दमोह जेल से गिरफ्तार शहर लाने के लिए टीम रवाना हो गई है।



### एक अन्य मरीज की भी हुई थी मौत

सीएसपी श्री बघेल ने बताया कि पुलिस द्वारा क्रूरतम आपराधिक मानव वध का मामला मानिकार प्रत्येक बिंदु पर वैधानिक पहलुओं का ध्यान रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। डा. नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव के अपोलो हास्पिटल में पदस्थापना अवधि में उपचार किए गए समस्त मरीजों को जांच में शामिल किया गया है। उस दौरान एक अन्य मरीज स्व. भगतराम डोडेजा की भी मृत्यु होने की शिकायत मिली है। उनकी मौत को भी जांच में शामिल किया गया है। अस्पताल प्रबंधन के जिम्मेदार लोगों को कठोर दंड दिलाने कार्रवाई की जा रही है।

फर्जी डा नरेंद्र विक्रमादित्य यादव के कारनामे होंगे उजागर

### अपोलो ने सौंपी सीएमएचओ को फाइल पूर्व विधायक की मौत से उठ सकेगा पर्दा

फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव द्वारा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक स्व राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला द्वारा इलाज करने के बाद हुई मौत को लेकर उठे बवाल के बाद अपोलो प्रबंधन सकते में है। अब प्रबंधन ने सीएमएचओ को इस घटना के संबंध में दस्तावेज सौंप दिया है, इसके बाद सीएमएचओ डॉ प्रमोद तिवारी ने इसकी जांच बैठाई है, जल्द ही जांच में कई खुलासे हो सकते हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक पंडित स्व राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की मृत्यु के मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर ने अपोलो अस्पताल प्रबंधन को नोटिस देकर फर्जी डाक्टर के संबंध में सारे दस्तावेज देने की बात कही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में अपोलो प्रबंधन ने डाक्टर द्वारा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के इलाज संबंधी दस्तावेज सीएमएचओ को उपलब्ध करा दिया है। इसके बाद सीएमएचओ प्रमोद तिवारी ने 3 सदस्यीय टीम का गठन किया है। इसमें सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डा. बीएल बंसल, सिम्स के डाक्टर व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ जयपाल चंद्रवंशी और जिला अस्पताल के डाक्टर विजय मिश्रा शामिल हैं। इन्हें 15 दिवस के भीतर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया गया है। बताया जा रहा है कि मामला उजागर होने के बाद सीएमएचओ ने अपोलो प्रबंधन को पत्र लिखकर जानकारी उपलब्ध कराने का नोटिस भेजा था, जिसपर अपोलो ने डाक्टर की नियुक्ति चेन्नई से होने की बात कही और नियुक्ति पत्र भेज दिया था।

## न्याय यात्रा आज: बैज, पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष डा. महंत होंगे शामिल

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले 2 मई को स्वास्थ्य न्याय यात्रा का आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी तथा शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय ने कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की मृत्यु अपोलो हॉस्पिटान प्रबंधन की घोर लापरवाही और गलत इलाज की वजह से हुआ था, जो सीधे तौर पर मेडिकल मर्डर था, इसलिए फर्जी डॉक्टर नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव के साथ ही अपोलो ग्रुप के डॉ प्रताप रेड्डी चेयरमैन अपोलो ग्रुप, पीथा रेड्डी एक्जीक्यूटिव चेयरमैन, डॉ मनीष मट्टू रिज़नल हेड अपोलो और डॉ अर्णव राहा यूनिट हेड बिलासपुर अपोलो पर भी हत्या के मामले में नामजद एफआईआर दर्ज होना चाहिए। कांग्रेस कमेटी 2 मई को स्वास्थ्य न्याय यात्रा का आयोजन कर रही है। जिसमें जिले के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता तो रहेंगे। साथ में प्रदेश नेतृत्व से प्रदेश कांग्रेस कमेटी छग के अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ डा. चरण दास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव , पूर्व प्रत्याशी लोकसभा बिलासपुर देवेन्द्र यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ जयसिंह अग्रवाल शामिल होंगे।

# आरक्षकों ने लोड पिस्टल के साथ नशे के सौदागर को पकड़ा



जब्त पिस्टल व कारतूस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



**3 पिस्टल, 26 नग कारतूस, 7 खाली खोखा, 30 नग कफ सिरप, कार जब्त**



पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी के दो आरक्षकों ने महाराणा प्रताप चौक पर लोड पिस्टल के साथ कार सवार नशे के सौदागर को पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर 3 पिस्टल, 26 जिंदा कारतूस, 7 खाली खोखा, 30 नग प्रतिबंधित कफ सिरप मिला। आरोपी नशे में था और बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता था।

एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल ने बताया, सिविल लाइन थाना की पेट्रोलिंग पार्टी के आरक्षक अतुल सिंह, रितेश मिश्रा को सूचना मिली कि राजीव गांधी चौक निवासी नशे का सौदागर शहबाज हुसैन उर्फ शीबू पिता अमीन इकबाल प्रतिबंधित कफ सिरप व अवैध हथियार लेकर जा रहा है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू के निर्देश पर दोनों आरक्षकों ने तिफरा ओवरब्रिज के नीचे महाराणा प्रताप चौक पर कार क्रमांक सीजी 10 एई, 7361 को रोका। उसमें सवार शहबाज हुसैन नशे में था। सिपाहियों ने उसे पकड़कर कार की तलाशी ली तो उसकी सीट के नीचे एक लोड व दो खाली पिस्टल, 26 नग जिंदा कारतूस व 7 नग खाली खोखा व 30 नग प्रतिबंधित कफ सिरप मिला। दोनों सिपाही कार सहित उसे पकड़कर थाने ले आए। पुलिस ने 21 सी एनडीपीएस व 25 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**आरोपी के आपराधिक रिकार्ड**

- वर्ष 2014 थाना सिविल लाइन अपराध क्रमांक 61/ 2014 धारा 294, 506, 323, 34, 25 आर्म्स एक्ट
- बिलासपुर जीआरपी अपराध क्रमांक 63/ 15 धारा 294, 324, 506,
- वर्ष 2016 थाना कोनी अपराध क्रमांक 75/ 16 धारा 279
- कोतवाली जांजगीर वर्ष 2014 धारा 147, 148, 341, 294, 506, 307, 332, 353, 120 बी

सीएसपी श्री परिहार ने बताया कि आरोपी को कोर्ट से दो दिन की पुलिस रिमांड में लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी पिस्टल व जिंदा कारतूस को सीपत क्षेत्र में पोटली में बंद मिलना बता रहा है। वहीं नशीले पदार्थ के स्त्रोत व नेटवर्क की जानकारी एकत्रित की जा रही है।

### एनएसएस के छात्रों को नमाज पढ़वाने का मामला

# कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश, सीयू का प्रोफेसर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **पुलिस कोर्ट में पेश किया, मिली जमानत**

एनएसएस शिविर में नमाज पढ़वाकर धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने के मामले में साक्ष्यों को डरा धमका कर प्रभावित करने व जीजीयू में कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले आरोपी प्रोफेसर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई है।

गुरू घासीदास विश्व विद्यालय के द्वारा 7 दिवसीय एनएसएस शिविर 26 मार्च से 1 अप्रैल तक ग्राम शिवतराई कोटा में आयोजित किया गया था। उक्त शिविर में 31 मार्च को टीम प्रभारी व अन्य लोगों पर छात्रों से नमाज पढ़वाकर धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत पर विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर छात्रों के द्वारा घटना की लिखित शिकायत कोनी थाने में की गई की। उसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर बड़ी संख्या में हिंदू, समाजिक, छात्र संगठन के द्वारा कार्रवाई की मांग को लेकर विश्वविद्यालय में जमकर हंगामा मचाया गया था। कोनी पुलिस ने शन्यू में अपराध कायम कर डायरी कोटा पुलिस को सौंपा था। कोटा पुलिस ने छात्रों की रिपोर्ट टीम कोर लीडर छात्र आयुष्मान चौधरी, प्रो. दिलीप झा, डा. मधुलिका सिंह, डा. ज्योति वर्मा, डा. नीरज कुमारी, डा. प्रशात वैष्णव, डा. सूर्यभान सिंह, डा. बसंत कुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 196, ख, ग, 299, 302, 190 छ. ग. धर्म स्वातंत्रय अधिनियम की धारा 4 के तहत अपराध कायम किया था। एडीशनल एसपी अर्चना झा ने बताया, मामला दर्ज होने के बाद आरोपी प्रो. दिलीप झा मामले के साक्ष्यों को गवाही देने पर डरा धमका रहे थे और विश्व विद्यालय के अंदर कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। जानकारी होने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने गंभीरता से लेते हुए कोटा पुलिस को उक्त आरोपी प्रोफेसर को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। उसके बाद 1 मई को कोटा पुलिस ने आरोपी प्रो. दिलीप झा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



सेंट्रल विवि के सामने संगठनों का प्रदर्शन

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

# सीई के रिश्तेदार के नाम पर है ज्वेलरी और डायमंड शॉप

- **सीबीआई ने किया अरेस्ट**

**बिलासपुर।** 32 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन मुख्यालय के कंस्ट्रक्शन विभाग में रोड एंड सेफ्टी ओपन लाइन के मुख्य अभियंता विशाल आनंद के खिलाफ सीबीआई की जांच जारी है। सीबीआई की जांच में पता चला है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चीफ इंजीनियर विशाल आनंद के रिश्तेदारों के नाम पर रांची में ज्वेलरी और डायमंड शॉप भी है। इस मामले में सीबीआई की टीम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी पूछताछ कर रही है। वहीं रांची और बिहार में भी सीबीआई को चीफ इंजीनियर के करोड़पति आसामी होने की जानकारी मिली है। टीम ने अब तक छापेमारी में रांची के आवास से 20 लाख नकद और एक किलोग्राम सोना, बिलासपुर स्थित निवास से 18 लाख रुपए नकद और अन्य स्थानों से राशि मिलाकर 70 लाख रुपए जब्त किया है। वहीं जांच में सामने आया है कि विशाल आनंद और उनके परिजन के नाम पर रांची में ज्वेलरी और डायमंड शॉप, रेडीमेड गारमेंट्स का शोरूम सहित फ्लैट्स और एक काम्पलेक्स है। इसके अलावा बिहार के बेगूसराय में एक फैक्ट्री भी संचालित हो रही है। सीबीआई इन सभी संपत्तियों की आय के स्त्रोत और वैधता की जांच कर रही है।

1- May- BSP- P-2 FULL-PAGE_Layout 1 5/1/2025 11:42 PM Page 1





1-may- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 5/1/2025 1:07 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 2 मई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255






## सर्व ब्राह्मण समाज के लोगों ने उत्साह से लिया भाग, महिलाओं ने दिखाई एकजुटता

# परशुराम जन्मोत्सव पर आकर्षक झांकी के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

*परशुराम जन्मोत्सव पर समग्र ब्राम्हण व परशु सेना द्वारा गुरुवार को बाजे-गाजे एवं दिव्य व आकर्षक झांकी के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के बच्चों, युवाओं, बड़े-बुजुर्गों एवं महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया।*

**बिलासपुर।** शोभायात्रा शीतला मंदिर दयालबंद से निकल कर गांधी चौक, जूना बिलासपुर, गोल बाजार, सदर बाजार होते हुए देवकीनंदन दीक्षित स्कूल प्रांगण पहुंच कर धर्म सभा के रूप में परिणित हो गई। रास्ते भर वंदे मातरम की टीम सहित अन्य चौक-चौराहों में ठण्डा, मीठा बांट कर स्वागत किया गया। महाआरती के बाद संत चिन्मयानंद बापू महराज का आशीर्वचन हुआ। इसके बाद सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें विप्र समाज के मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत वरिष्ठ विप्रजनों, प्रतिभाशाली युवाओं व गौरवशाली विभूतियों का सम्मान किया गया। रात्रि में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया। वहीं परशुराम चौक राजकिशोर नगर स्मृति वन के पास शाम को भव्य महाआरती कर भोग प्रसाद बांटे गए। ब्राह्मण समाज यदुनंदन नगर ने इस वर्ष भी शोभायात्रा में शामिल होकर देवकीनंदन स्कूल में पूजा आरती कर भोग प्रसाद प्राप्त किया।

### चार दिवसीय आयोजन

परशुराम जन्मोत्सव पर समग्र ब्राम्हण व परशु सेना द्वारा चार दिवसीय आयोजन किया गया था। पहले दिन लोखंडी में भगवान परशुराम की महाआरती कर प्रसाद बांटा गया। दूसरे दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं के साथ ही महिलाओं ने भी उत्साह से रक्तदान किया। तीसरे दिन नवयुवक कान्य कुब्ज विकास समिति ने कान्य कुब्ज भवन इमलीपारा में भव्य पूजा-अर्चना, हवन, कीर्तन कर भोग, प्रसाद का वितरण किया। जन्मोत्सव के समापन पर परशुराम भगवान सहित अन्य प्रेरणादायी आकर्षक झांकी, बाजे-गाजे व नृत्य पार्टी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समग्र ब्राहमण समाज के लोगों उत्साह से भारी संख्या में भाग लिया।




### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर रेखेंद्र तिवारी, विजय तिवारी, अजीत शुक्ला, सचिन शर्मा, विकास, सिद्ध सेवक तिवारी, संदीप बाजपेयी, सुदेश दुबे, अरूण राजीव अवस्थी, अरविन्द दीक्षित, विवेक बाजपेयी, राम प्रसाद शुक्ला, बीके पाण्डेय, राजकुमार तिवारी, मनोज शुक्ला, प्रभात मिश्रा, कृष्ण मोहन पाण्डेय, देवी प्रसाद शुक्ला, राजेन्द्र शुक्ला, शिवा मिश्रा, दिव्य प्रकाश दुबे, राजन दीक्षित, संदीप बाजपेयी, मान्टू मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, संजय शर्मा, दिनेश त्रिपाठी, गोपाल मिश्रा, राजेश, रितेश शुक्ला,डॉ आरती पाण्डेय, रीता तिवारी, शोभा त्रिपाठी, वंदना शुक्ला, जयश्री, संगीता शुक्ला, प्रभा तिवारी, ममता दुबे, दिव्या चतुर्वेदी सहित समग्र ब्राम्हण समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

### विशेष ड्रेस कोड में शामिल हुईं ब्राम्हण बहनें



राष्ट्रीय ब्राहमण महासंघ की बहनों ने पीले कलर की साड़ी व साफा में शोभायात्रा में शामिल हुईं। महासंघ की बहन अर्चना तिवारी, मीनू दुबे, प्रतिभा पाण्डेय, संगीता शर्मा, संजना मिश्रा, शशिप्रभा पाण्डेय, शारदा तिवारी, साधना दुबे, पूर्णिमा मिश्रा, रश्मि शुक्ला, नैना, चांदनी पाण्डेय, रोशनी दीक्षित ने हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए चल रहीं थीं। इससे पूरा माहौल हनुमानमय हो गया था।




परशुराम शोभायात्रा का किया गया स्वागत। इस दौरान विधायक अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी, सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन संजय दुबे मौजूद थे।





### नगर विधायक, महापौर हुए शामिल



शोभायात्रा में नगर विधायक अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी के साथ भाजपा नेता पंकज तिवारी, रोहित मिश्रा, आनंद दुबे, राजेश पाण्डेय, मनीष पाठक, आशीष तिवारी, ऋषभ चतुर्वेदी, महर्षि बाजपेयी शामिल हुए।

### जन्मोत्सव मनाया गया




भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विवेक बाजपेई, प्रशांत मिश्रा, शैलेश उपाध्याय, प्रचल चौबे,संजय पांडेय, संदीप शुक्ला, नितिन द्विवेदी, सतीश यादव, लक्की दुबे सहित जिले के सभी विप्र मौजूद थे।

### पुष्प वर्षा कर यात्रा का किया स्वागत




भगवान परशुराम शोभायात्रा का धर्म जागृति मंच,सर्व सेन समाज के तत्वाधान में स्वागत किया गया। इस वर्ष भी जिले के कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास के नेतृत्व में सिटी कोतवाली के पास पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मनोज श्रीवास, नवल शर्मा, मोहन जायसवाल मौजूद थे।

## अभिजीत के शतक से बिलासपुर की जीत

**बिलासपुर।** अभिजीत तह की ताबड़तोड़ शतकीय पारी की बदौलत बिलासपुर की टीम ने महासमुंद की टीम को 152 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर



लिया है। प्रदेश क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सीनियर एलीट ग्रुप टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 1 मई गुरुवार से शुरु हुए ग्रुप बी के मुकाबले में बिलासपुर का पहला मैच रायपुर के आडीसीए मैदान में महासमुंद के साथ हुआ। बिलासपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 225 रन बनाया। टीम की ओर से अभिजीत ताह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 46 गेंद में 10 चौके और 8 छक्के की मदद से 106 रन बनाया। मोहम्मद इरफान ने 66 रन की पारी खेली। महासमुंद की ओर से गेंदबाजी करते हुए हामिद राजा, सुधांशु वर्मा और आयुष द्विवेदी ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। 226 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महासमुंद की टीम बिलासपुर की घातक गेंदबाजी के सामने 14 ओवर में 73 रन बनाकर आउट हो गई। टीम की ओर से एकमात्र बल्लेबाज तुषार चंद्राकर ने सबसे अधिक 36 रन बनाया। बिलासपुर के गेंदबाज प्रवीण कुमार ने तीन विकेट, स्नेहिल चड्डा और मयंक यादव ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। बिलासपुर ने महासमुंद की टीम को 152 रन के विशाल अंतर से हराकर चार अंक प्राप्त किया।

## कराते में भारत माता के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा आयोजित कराते परीक्षा में भारत माता आंग्ल माध्यमिक विद्यालय के नामांकित सभी बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसके लिए



इन सभी बच्चों को टेस्टीमोनियल सर्टिफिकेट एवं 9 वां केवायू यलो बेल्ट दिया गया। बच्चों को यह सर्टिफिकेट अंतर्राष्ट्रीय ओकीनावन शोरिन रू सेबूकन कराटे-दो एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने प्रदान किया।

**मिला टेस्टी मोनियल सर्टिफिकेट व यलो बेल्ट**

ज्ञात हो कि भारत माता आंग्ल माध्यमिक शाला में छात्रों को विगत एक वर्ष से कराते प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यालय में कराते को इंटरनेशनल ओकीनावान शोरिन-रू सेबुकान कराटे-2 आईओएसएसकेए ओकीनावा, जापान एवं कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से मान्यता प्राप्त है।इस संस्था और भारत माता आंग्ल माध्यम शाला के संयुक्त तत्वावधान में भारत माता आंग्ल माध्यमिक शाला में शिक्षक रेजीनल्ड पारेख जो कि स्वयं कराते में ब्लैक बेल्ट है, द्वारा कराते सिखाया जाता है। इस वर्ष इस अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा कराते की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें भारत माता आंग्ल माध्यमिक विद्यालय के कराते में नामांकित सभी बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। बच्चों की इस सफलता पर खुशी जताते हुए शाला के प्राचार्य फादर सलीन पी., सिस्टर सिल्वी जेकब सहित ने शुभकामनाएं दी।

# लक्ष्मी स्वरूप में सोलापुरी माता का पूजन, कुमकुम पूजा आज

**बिलासपुर।** बंगला यार्ड, स्टेशन रोड बाराह खोली चौक में आयोजित श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव में गुरुवार को देवी लक्ष्मी स्वरूप में माता की पूजा अर्चना की गई। देवी लक्ष्मी की पूजा अर्चना गुरुवार को की जाती है, वैसे तो धन-धान्य सुख समृद्धि की देवी लक्ष्मी पूरे देश में पूजी जाती है।





उत्तर भारत में दीपावली पर उनकी पूजा अर्चना की जाती है। दक्षिण भारत में भी तिरुपति के आगे उनका प्रसिद्ध मंदिर है, इसी स्वरूप में गीली हल्दी से माता लक्ष्मी की प्रतिमा तैयार की गई। हर दिन की भांति विधि विधान के साथ उनकी पूजा की गई। इस दिन देवी को दक्षिण भारतीय व्यंजन चंद्रकांतालू का प्रसाद अर्पित किया गया। हर दिन यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

### कुमकुम पूजा आज

अखंड सुहाग की कामना के साथ महिलाएं कुमकुम पूजा करती है। इस शुक्रवार को सुबह पूजा पंडाल में कुमकुम पूजा का आयोजन किया गया हैजिसके लिए लगभग 600 महिलाओं ने पंजीयन कराया है। यह सभी निर्जला उपवास रखकर कलश सजाकर पुजारी पार्थसारथी के साथ अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए कुमकुम पूजा करेंगी। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामा राव और उनकी पत्नी वी हेमलता द्वारा सभी व्रतधारी महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट की जाएगी। तो वही उनके दोपहर भोज का भी आयोजन उनकी ओर से किया जाएगा।

### इन्हें मिला लक्की ड्रॉ

बच्चे का लक्की ड्रा ओम देवांगन के द्वारा निकाला गया जिसमें मंजू दीप, जय दीप,ए के पायल को मिला। इसी तरह सारी का लक्की ड्रा नेहा पांडे में मीना सिंह, मल्लेश्वरी, रानी कुमारी को दिया गया।

# डीपीएस में समर कैंप का शुभारंभ, बच्चों ने की मस्ती

**कॉर्नर न्यूज**

**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में सृजनात्मक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए 'समर कैंप 2025 का गुरुवार को शुभारंभ किया गया। इसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में जमकर मौज मस्ती की और स्वादिष्ट हेल्दी फूड का लुत्फ उठाया ।संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह ने समर कैंप का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों को अपने समय का उपयोग करने पर बल दिया। साथ ही इसे अपने अंदर छिपी हुई कला को पहचानने का एक सुनहरा अवसर बताया। विद्यार्थियों ने पहले आत्मरक्षा की तकनीक सीखी, फिर विद्यालय में स्थित स्वीमिंग पुल में तैराकी के गुर सीखना प्रारंभ किया। ठंडे-ठंडे पानी की छपा छप के बीच बच्चों के दिन की शानदार शुरुआत हो गई। क्रिकेट मैदान में क्रिकेट पसंद करने वाले हुनरबाज बच्चों ने क्रिकेट की बारीकियों को सीखना पसंद किया। आर्ट और क्राफ्ट की कला को विद्यार्थियों ने अपनी रुचि अनुसार जाना और अभ्यास किया। संगीत व डांस की मस्ती के बीच बच्चों ने भारतीय व विदेशी वाद्य यंत्रों का तकनीकी व ताल से परिचय प्राप्त किया। नृत्य में उन्होंने कंटेंपटेरी डांस, सेमी क्लासिकल और फ्री स्टाइल डांस सीखा। निशानेबाजी में बच्चों ने पहले ही दिन एक उचित मार्गदर्शन में बेहतरीन निशाने लगाना प्रारंभ किया। आधारभूत संगीत, संगीत अलंकार, कंठ संस्कार से अपने संगीत के शौक को निखारना प्रारंभ किया।





रूचि अनुसार खेल क्राफ्ट कला का किया अभ्यास

1-MAY--REGNOL---pg-4-COMMAN_Layout 1 5/2/2025 12:00 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत महापुराण में सुनाई गई श्रीकृष्ण जन्म की कथा

**मुंगेली।** श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम चातरखार में स्व.कुंज राम साहू के



वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर 27 अप्रैल से प्रारंभ होकर 5 मई तक आयोजित की जा रही है। गीता पाठ, तुलसी वर्षा, सहस्त्र धारा, वार्षिक श्राद्ध के साथ समापन होगा कथा वाचक पंडित दिनेश शर्मा महली पंडरिया के द्वारा आज की कथा में समुद्र मंथन, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म को बहुत ही सुंदर शैली में सुनाया गया। यजमान रामभजन सुनीता साहू एवं गोकुल सोनकली साहू के यहां यह कथा आयोजित है। कार्यक्रम को सफल बनाने राजेंद्र साहू, जयराम साहू, राम साहू, चंद्र कुमार साहू, डॉ. रामकुमार साहू परस, मनोज, पुरुषोत्तम रामलखन, मुरीतसाहू, मुनीराम, धनी राम, जोहन, धर्मेंद्र साहू, सुखराम नरेश्वर साहू सहित कार्यकर्तागण जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी पूर्व जनपद सदस्य डॉ रामकुमार साहू ने आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के लिए किया गया।

### पीएम आवास हितग्राहियों के चयन के लिए सिलतरा में हुआ सर्वे



**तखतपुर।** आवासहीनों को मकान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों का चयन करने के लिए सिलतरा में सर्वे किया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि सुनील साहू ने आवास मित्र और सचिव के साथ गांव का भ्रमण किया और पात्र आवासहीनों का चयन के लिए घरों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पंचायत के 450 लोगों का सर्वे किया गया। अब सर्वे के बाद सभी पात्र हितग्राहियों का नाम जनपद पंचायत को प्रस्ताव पारित कर भेजा जाएगा इसके बाद इन सभी आवासहीनों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान मिल सकेगा।

### सेवानिवृत हुए श्रम विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर रमेश




**तखतपुर।** श्रम विभाग असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर कार्य करते हुए नगर के रमेश प्रधान गुरुवार 1 मई को सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत होने पर उन्हें कार्यालय की ओर से उनके खुशहाल जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर रमेश प्रधान ने कहा कि शासन के द्वारा जो दायित्व उन्हें दिया गया, उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ उसका निर्वहन किया। इस दौरान विभिन्न स्थलों में कार्य करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। कार्य के दौरान कार्यालय में तथा आमजनों का भी सहयोग रहा आज सबके आशीष से मैं अपनी सेवा पूर्ण कर शासकीय दायित्व से मुक्त हो रहा हूं।

### 145 विद्यार्थियों को दिया गया हेल्थ केयर एवं बैंकिंग का व्यावसायिक प्रशिक्षण



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में सत्र 2024-25 की कक्षा 11वी एवं 12वीं के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत हेल्थ केयर एवं बैंकिंग विषय के 145 विद्यार्थियों को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकक बेंकिंग उपेंद्र देवांगन एवं हेल्थ केयर मानसी चंद्रवंशी और प्राचार्य शशि घोसले के मार्गदर्शन में पंजाब नेशनल बैंक कियोस्क दशरंगपुर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर दशरंगपुर में डॉक्टर मीनाक्षी बंजारे के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा, बेड मेकिंग करना, महत्वपूर्ण संकेत की जांच, मरीज का बेसिक केयर, शुगर जांच एवं अन्य जांच महत्वपूर्ण कौशल का प्रशिक्षण लिया गया। बैंकिंग के विद्यार्थियों ने बैंक में नेट बैंकिंग, निकासी फार्म भरना, एटीएम संबंधित जानकारी, आधार लिंक करना एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी और प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद समस्त विद्यार्थी को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्राचार्य शशि घोसले ने इस अवसर पर कहा कि प्रशिक्षण से विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण और कैरियर में सफलता मिलेगी। हेल्थ केयर मे 11वीं के 41 व 12वीं के 29 विद्यार्थीओ और बैंकिंग में 11वीं के 40 व 12वीं के 35 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त कर विद्यार्थी खुश नजर आए।

### शिक्षकों के समायोजन के निर्णय का किया स्वागत

**धरमपुरा।** छत्तीसगढ़ अपेक्स कर्मचारी अधिकारी



संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं मानवाधिकार सहायता संस्थान के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार राज कश्यप ने 2 हजार 6 सौ 21 बर्खास्त सहायक शिक्षकों को प्रयोग शाला सहायक शिक्षक के पद पर समायोजन करने के राज्य शासन के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने इसे एक लोकहितकारी एवं संवेदनशील कदम बताया, जिससे सैकड़ो शिक्षको के परिवार में जश्न का माहौल है। उन्होंने कहा कि विष्णु देव सरकार ने यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे सभी बर्खास्त हुए शिक्षकों के परिवार में हर्ष व्याप्त है।

## कलेक्टोरेट परिसर में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

# कलेक्टर ने हाथों में झाड़ू लेकर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आज जिला कलेक्टोरेट परिसर में सुबह 6 बजे से विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में कलेक्टर कुन्दन कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्रमदान किया।

सभी ने हाथों में झाड़ू, फावड़ा एवं अन्य सफाई उपकरण लेकर कलेक्टोरेट परिसर में साफ-सफाई की तथा आम नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान और स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत जिले में सतत रूप से स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप स्वच्छता को सभी नागरिकों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा, स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि सोच और जीवन शैली का हिस्सा होनी चाहिए। जब हम सभी स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में उतारेंगे, तो विशेष अभियानों की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने जिले वासियों से अपील की है कि वे अपने घर, गली, मोहल्ले, गांव और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कलेक्टर ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रमिक समाज के आधार स्तंभ हैं, उनके योगदान और परिश्रम का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रमिकों को शासन की योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ सुनिश्चित किया जाए। इस अभियान में जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव एवं श्रीमती मेनका प्रधान, एसडीएम मुंगेली श्रीमती पार्वती पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



सफाई अभियान में जुटे कलेक्टर एवं अधिकारी।

### यहां लगेंगे शिविर

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत 05 मई से 31 मई तक जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में शासन की योजनाओं की जानकारी, आवेदन की स्थिति, लाभ वितरण सहित कई जनकल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत 5 मई को ग्राम दौना के शासकीय माध्यमिक स्कूल, 6 मई को मंदिर परिसर सेतगंगा, 7 मई को स्कूल मैदान राम्हेपुर एन, 8 मई को खेल मैदान अमोरा, 9 मई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर भालापुर, 10 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान डिंडौरी, 13 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान बदरा ब, 13 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान खपरीकला, 14 मई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुरा, 15 मई को सिद्ध मुनिबाबा मेला मैदान सेमरसल, 16 मई को मेला स्थल पथरगढ़ी, 17 मई को हाइस्कूल परिसर पण्डरभट्ठा, 19 मई को शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल मैदान बिजराकछार, 20 मई को खेल मैदान हथनीकला, 21 मई को धान खरीदी केन्द्र के पास कंतेली और शासकीय हाइस्कूल मैदान कोयलारी, 22 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान गोड़खाम्ही, 23 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान पडियाईन, 24 मई को चारभाठा और शासकीय हाईस्कूल मैदान बैगाकापा, 26 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान मनोहरपुर, 27 मई को क्रिकेट खेल मैदान सल्फा, 28 मई को कृषि कॉलेज के समाने चातरखार, 29 मई को शासकीय हाईस्कूल मैदान चेचानडीह, 30 मई को स्कूल परिसर के पास थाना के पास छतौना और 31 मई को ग्राम लालाकापा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा

जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की कलेक्टर कुन्दन कुमार ने गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण में लापरवाही बरतने वाले 6 अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधिकारी और सीएमओ पथरिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनहित में आयोजित समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव, मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# पेंड्रीडीह ईसाई कब्रिस्तान का मामला पहुंचा थाने

**जरहागांव।** फॉरेन क्रिश्चन सोसायटी के नाम से पंजीकृत भूमि का उपयोग ईसाई समाज वर्षों से शव दफन करने के लिए कर रहा रहा है। वहीं हिन्दू समाज से रमेश मरकाम लहिक अन्य शव दफनाए जाने की बात को लेकर नाराज चल रहे थे, जिससे दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। इसी क्रम में रमेश मरकाम, सिद्धू यादव, सेवा राम यादव, श्रीकांत कश्यप, गौतरहीया निषाद एवं सर्व हिंदू समाज के तत्वाधान में जरहागांव थाने में मामले की शिकायत की गई। शिकायत में बताया गया कि जहां रमेश मरकाम के पूर्वजों का शव दफनाया गया था वहां ईसाई समुदाय द्वारा मिट्टी डाली गई है। इसको लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।

#### ईसाई समाज का पक्ष

दोनों पक्षों से अनेक लोग थाने पहुंचे। जहां ईसाई समाज से रेव्ह आर जॉन, शशिकांत लाल, आदर्श जॉन, अक्षय सिंह, निहाल मसीह अन्य मसीह समाज के लोगों ने बताया कि उक्त कब्रिस्तान में ईसाई समाज वर्षों से शव दफन करते आ रहा है।

#### दोनों पक्ष सहमत

ईसाई कब्रिस्तान को लेकर हो रहे विवाद पर हिंदू समाज एवं ईसाई समाज के लोग थाने आए हुए थे। दोनों पक्षों के जनहित को ध्यान में रखकर प्रेमपूर्वक आपसी समझौता कराया गया, ताकि दोनों पक्ष शांतिपूर्ण साथ रप सकें। दोनों पक्षों से सहमति पत्र तैयार किया ताकि भविष्य में विवाद न हो।

**- एस आर घृतलहरे**
उप पुलिस अधीक्षक

#### पुलिस ने थाने में सुलझाया मामला

उप पुलिस अधीक्षक एसआर घृतलहरे, तहसीलदार कमल किशोर पटनवार, थाना प्रभारी सुशील कुमार बंछोर एवं नंदलाल पैकरा की उपस्थिति में दोनों पक्षों के लोगों से चर्चा की गई। इस दौरान तहसीलदार कमल किशोर पाटनवार ने मामले को सौहार्दपूर्ण के वातावरण में शान्त कराया।

# मनुष्य को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए: पं अनिरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ग्राम सारधा में द्वारिका सिंह राजपूत के निवास पर किया जा रहा है। कथा के मुख्य यजमान दुर्गेश सिंह, विनीता राजपूत एवं कथा व्यास पंडित अनिरुद्ध शुक्ला हैं।



कथा के छठवें दिन पं अनिरुद्ध शुक्ला ने कहा कि भगवान अपने भक्तों का मान जरूर रखते हैं, वे भक्तों को चाहते हुए भी अपने बंधन से मुक्त नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी धरती पर अधर्म बढ़ता है तो भगवान उसका नाश करने एवं धर्म की रक्षा के प्रकट होते हैं। व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। गुरुवार को रूकमणि विवाह का वर्णन करते हुए व्यास ने भक्तों को भगवान की लीलाओं के बारे में बताया। व्यास ने कहा कि ईश्वर की भक्ति करने से ही मनुष्य को मुक्ति मिल सकती है। हमें हमेशा अच्छे कार्य करते हुए ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार पतन का मार्ग है। आज शुक्रवार को सुदामा चरित्र द्वारिका लीला प्रसंग का कथा सुनाई जाएगी इस। आयोजन के परायणकर्ता सूरज प्रसाद पांडेय हैं।

### ठरकपुर में शत प्रतिशत रहा पांचवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम

**लोरमी।** ग्राम ठरकपुर में केंद्रीयकृत प्राथमिक प्रमाण परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें गरिमा यादव 92 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, किरण ध्रुव व शिवानी यादव 91 प्रतिशत अंकों के साथ के साथ द्वितीय एवं गौरव सिंह ध्रुव ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही सहित कक्षा के अन्य बच्चों ने भी बेहतर अंक प्राप्त किया। इस अवसर पर शाला की ओर से बच्चों को पुरस्कृत कर आगे भी इसी प्रकार की पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही कक्षा 1 से 4 तक के बच्चों को भी प्रगति पत्रक देकर बेहतर प्राप्तांक के आधार पर पुरस्कृत किया गया।

# उत्साह के साथ मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव, निकली भव्य शोभायात्रा

**गौरेला।** ब्राम्हण विकास परिषद एवं सर्व हिंदू समाज गौरेला के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती पर बुधवार को एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत भगवान परशुराम की महाआरती से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में जहां ब्राम्हण समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए, वहीं सर्व समाज के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान पूरे नगर में धार्मिक उत्सव जैसा माहौल बना रहा। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह आतिशबाजी की गई और 'जय श्री परशुराम' के नारों से वातावरण गूंजता रहा। नगर की विभिन्न गलियों से गुजरती हुई यह शोभायात्रा शांतिपूर्ण और भव्य रूप में संपन्न हुई। पुलिस प्रशासन और नगरवासियों के सहयोग से आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। आर्यावर्त ब्राम्हण महिला समाज की ओर से लगातार तीन दिनों तक अनेकों प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं जयंती पर पुरस्कार वितरण किया गया। ब्राम्हण विकास परिषद के अध्यक्ष मुकेश दुबे ने कहा कि हम सभी ने बड़े उत्साह के साथ जयंती का कार्यक्रम मनाया है।



# 2 बच्चों सहित गुम महिला को जालंधर से किया गया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पिछले सप्ताह 2 बच्चों के साथ नगर की गुम महिला को सिटी कोतवाली पुलिस जालंधर पंजाब से शहर ले आई। गुम महिला एवं उसके 2 बच्चे लडका एवं लड़की को परिजन को सौंपा गया। इसके अलावा दो अन्य प्रकरण में ग्राम टिंगीपुर एवं चिल्फी घाटी की गुम महिला एवं उसके बच्चे को तलाश कर वापस लाया गया।

शिक्षक नगर निवासी प्रार्थी चन्द्र कुमार साहू पिता नकुल साहू उम्र 33 साल 22 अप्रैल को थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी भगवती साहू उम्र 32 साल अपने 2 बच्चे लड़का एवं लड़की को लेकर बिना बताये घर से चली गई है। आसपास एवं रिश्तेदारी में पता किया, कोई पता नहीं चला। उक्त घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पतासाजी के दौरान मुखबीर एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर गुम इंसान की तलाश हेतु पुलिस टीम को जालंधर भेजा गया। जहां गुम भगवती साहू को उसके 2 बच्चों सहित मुंगेली लाया गया। इसी प्रकार निवासी टिंगीपुर चमारी प्रार्थी सुरेश कुमार साहू पिता रामदयाल साहू उम्र 34 साल 25 अप्रैल को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी लता बाई साहू उम्र 33 साल 5 वर्षीय पुत्र को लेकर बिना बताए घर से कहीं चली गई है। रिपोर्ट पंजीबद्ध कर गुम इंसान की पता तलाश के दौरान मुखबीर एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर लता बाई साहू को उसके 5 वर्षीय पुत्र सहित 2 घण्टे के भीतर तलाश कर परिजन को सौपा गया। चिल्फी घाटी जिला कबीरधाम निवासी प्रार्थी दीपक बघेल पिता दिलबोध बघेल उम्र 33 वर्ष 25 अप्रैल को ही अपनी पत्नी करूणा बघेल एवं 4 माह की बच्ची के साथ अपने ससुराल नुनियाकछार से अपने घर ग्राम चिल्फी घाटी कबीरधाम जाने बस स्टाप पर इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान पत्नी करूणा बघेल अपनी 9 माह की बच्ची को कहीं गायब हो गई। पुलिस ने 2 घण्टे के गुम मां-बच्ची की तलाश कर परिजन को सौपा गया। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक गिरीजाशंकर यादव, प्रधान आरक्षक दिलीप साहू, राजेश बंजारे, प्रमोद वर्मा, चंद्रकुमार ध्रुव, भुवन डिंडोरे आरक्षक जलेश्वर कश्यप, मनोज टंडन, रवि श्रीवास, भागवत साहू, राधे लाल ध्रुव, अजय चंद्राकर एवं योगेश यादव की भूमिका रही।

### अधिकारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है, कि वे मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें एवं समय पर कार्यालय पहुंचकर जन समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आमजनता को किसी भी स्थिति में असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यालय में अनुपस्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए 21 विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कलेक्टर ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी कार्यालयीन समय में अनुपस्थित पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ी सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हीरक जयंती पर निकली सायकल रैली



**लोरमी।** भारत स्काउट गाइड संघ के तत्वावधान में हीरक जयंती पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए सायकल संदेश रैली का आयोजन किया गया। यात्रा स्थानीय रेस्टहाउस से प्रारंभ होकर झझपुरीकला, सारधा होते हुए 10 किलोमीटर दूरी तय कर तहसील कार्यालय पहुंची। रैली के दौरान बच्चों के सुरक्षा के लिए पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ जायसवाल, राजेंद्र सलूजा, राधेश्याम यादव, संजय त्रिपाठी, बीईओ डीएस राजपूत, डॉ जीएस दाऊ बीएमओ, सीके सोनी नायब तहसीलदार, बनवारी लाल अग्रवाल, दया साहू, कृष्ण चंद्र राजपूत, कमल राजपूत, राधेश्याम जायसवाल, कृष्णकुमार जायसवाल सहित नागरिकों ने हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। सीनियर स्काउट्स अंकित मौर्य, मधु निषाद, प्रिया साहू, सुनीला पोर्ते, आयुषी गुप्ता, पालेश्वर कश्यप, शरद राजपूत एवं सभी प्रतिभागियों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डीटीसी गाइड सुषमा पाण्डेय, युगल किशोर सिंह राजपूत, सुभाषिनी राजपूत, मोतिमा साहू, शारदा ताम्रकार, परमेश्वर राजपूत, रामकुमार बघेल, अनुज खत्री, किशन राजपूत, युगल राजपूत, योगेश्वर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन स्काउट मास्टर भूपेंद्र राजपूत ने किया।

## पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक

# स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना दिवस पर सायकल संदेश रैली

**मुंगेली।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन और उचित मार्गदर्शन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75वें हीरक जयंती वर्ष के अवसर पर मुंगेली जिला संघ द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु एक प्रभावशाली साइकिल संदेश रैली का आयोजन किया गया।

सायकल रैली को जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर एवं जिला उपाध्यक्ष रामशरण यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली बीआरसाव स्कूल से होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुराना बस स्टैंड स्थित सामुदायिक भवन तक पहुंची जहां इसका समापन कार्यक्रम हुआ। लगभग 7 किलोमीटर लंबी रैली में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने सहभागिता निभाई। बैनर, पोस्टर, तख्तियों, पाम्पलेट्स और साउंड सिस्टम के साथ नारों की गूंज ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया और रैली के माध्यम से जल तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना जागृत किया गया। सायकल रैली की प्रमुख बात यह रही कि स्काउट संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्वयं साइकल चलाकर इसमें भागीदारी दी, जिससे समाज को यह संदेश गया कि पर्यावरण संरक्षण केवल उपदेश नहीं, अपितु स्वयं के आचरण से शुरू होता है। रैली समापन पश्चात पर्यावरण एवं जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी एवं परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित की गई। आजीवन सदस्य शीला जायसवाल ने कहा कि पर्यावरण हमारे लिए बहुत ही जरूरी है सुरक्षा एवं संरक्षण हमारा कर्तव्य है। कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। इसे बचाया जाना चाहिए। श्री यादव द्वारा जल संरक्षण के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। जिला सचिव मोनू बेलदार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आजीवन सदस्य दिलीप ताम्रकार, सरिता बाजपेयी, जिला संगठन आयुक्त मोरध्वज सप्रे, रोहिणी ठाकुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेंद्र दिवाकर, वरिष्ठ स्काउटर पीताम्बर मानिकपुरी, वीरेन्द्र कश्यप, दिनेश साहू, विजेंद्र कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी मनोज कश्यप सहित दर्जनों स्काउटर गाइडर रोवर रेंजर मौजूद रहे।



सायकल रैली में शामिल कैडेट्स।

### सुशासन तिहार में दो किसानों को मिला सिंचाई पंप





सायकल रैली में शामिल कैडेट्स।

**मल्हार।** सुशासन तिहार में किसानों को पेट्रोल चलित सिंचाई पंप प्रदान किया गया, सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए कृषि विभाग ने किसानों को सिंचाई पंप उपलब्ध कराया। पंप मिलने से गरीब किसानों में खुशी की लहर है, उन्हें अब कृषि कार्य में आसानी होगी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया। विकासखंड मस्तूरी के अंतर्गत ग्राम शुकुलकारी व पताईडीह के सीमांत किसान चंदाराम जांगड़े और टकेश्वर केंवट ने सुशासन तिहार में बीज निगम की योजना के तहत पेट्रोल चलित सिंचाई पंप की मांग की थी। गरीब किसानों की मांग को संज्ञान में लेते हुए कृषि विभाग ने किसानों को पेट्रोल चलित सिंचाई पंप अनुदान में प्रदान किया। किसान चंदाराम जांगड़े ने बताया कि वे एक छोटे किसान हैं और डेढ़ एकड़ में खेती करते हैं। उन्हें लंबे समय से सिंचाई पंप की आवश्यकता थी, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण खरीद पाना उनके लिए मुश्किल था। साथ ही योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी न होने के कारण भी वे सिंचाई पंप के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे थे। सुशासन तिहार में उन्होंने अपने गांव की पेटी में इस संबंध में आवेदन किया, जिस पर कृषि विभाग ने त्वरित रूप से सिंचाई पंप की मांग को शीघ्रता से पूरा किया।

## खबर संक्षेप

### अप्रैल में सेवानिवृत्त हो रहे मंडल रेल परिवार के 23 सदस्यों को दी गई विदाई




**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 23 रेल परिवार के सदस्य अप्रैल 2025 में रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत्त हो गए। मंडल कार्मिक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे समस्त कर्मचारियों को ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी रुहीना तुफैल खान ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी व कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त हो रहे 23 रेल परिवार के सदस्यों में परिचालन विभाग से 3, इंजीनियरिंग विभाग से 9, विद्युत विभाग से 4, मेडिकल विभाग से 2, सिग्नल व दूरसंचार से 2 तथा वाणिज्य विभाग से 3 कर्मचारी शामिल हैं। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी गौरवशाली रेल सेवा के लिए बधाई दी तथा तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की गई ।

### सूर्यवंशी युवक कल्याण समिति ने कैंडल जलाकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**बिलासपुर।** सूर्यवंशी युवक कल्याण समिति पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को कैडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए कृत्य की जमकर निंदा करते हुए दोर्षियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस सभा में छतलाल सूर्यवंशी, विक्रम पात्रिकर, सुशील केवरा, अरुण सूर्यवंशी, वेद प्रकाश बनर्जी, संत कुमार, परमेश्वर, सुनील सूर्यवंशी, राहुल रजक, राके राजगीर, हरि तामेश्वर, रवि, अमित, सन्नी भारती, राजेश नारंग, विक्रम सूर्यवंशी, रवि भारती, शुभमक पात्रीकर, सरोज, छतलाल भार्गव आदि मौजूद थे।

### बच्चे करा रहे पर्यावरण से जुड़ी गतिविधियां



**बिलासपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महमंद में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत 22 अप्रैल से 30 अप्रैल तक पर्यावरण जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया है। इसमें प्रतिदिन पर्यावरण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां विद्यार्थियों द्वारा संपन्न कराई जा रही है। भाषण, संगोष्ठी, चित्रकला, पर्यावरण सुरक्षा पर विद्यार्थियों के विचार आदि कार्यक्रम के बाद सोमवार को पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें वसुंधरा ईको व यूथ क्लब के विद्यार्थी, पदाधिकारी, ईको क्लब प्रभारी व्याख्याता शान्ति सोनी प्रभारी प्राचार्य, अंजू पागे, वरिष्ठ व्याख्याता सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। रैली के बाद क्यूआर कोड फ्लोरा की जानकारी ईको क्लब प्रभारी शांति सोनी ने देते हुए उन्हें डिजीटल तकनीकी से जोड़ा गया। नीम, जामुन, पीपल, बरगद के वृक्षों पर लगाए गए क्यूआर कोड के माध्यम से पेड़ की समस्त जानकारी विद्यार्थियों ने प्राप्त किए। वहीं विद्यार्थियों को दो-दो पौधे लगाने एवं उन्हें संरक्षित करने की शपथ दिलाई गई।

### अभा अनुसूचित जाति युवजन समाज छग के पारचे प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज (रजि.) छत्तीसगढ़ का सूरज पारचे को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति महाराष्ट्र प्रदेश के अध्यक्ष अविनाश झंझोटे की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानचंद जीनवाल की सहमति से की गई है। सूरज पारचे की यह नियुक्ति 2 साल या आगामी आदेश तक के लिए मान्य है। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष को 6 माह के अंदर छग प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करना होगा।

**प्रोफेसरों के वेतन से हर महीने 20 हजार तक होगी कटौती** | करीब 170 असिस्टेंट प्रोफेसर प्रभावित हो रहे

# सीयू: पीएचडी और एमफिल वालों को मिलने वाली वेतन वृद्धि समाप्त

**बिलासपुर।** यूजीसी ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में के प्रोफसेरों को पीएचडी और एमफिल डिग्री के लिए दी जाने वाली वेतन वृद्धि को समाप्त कर दिया है। यह निर्णय 7वें वेतन आयोग के लागू होने के बाद लिया गया था।

यही नहीं इस फैसले के बाद इस महीने केन्द्रीय केंद्रीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के प्रोफेसरों को दिए जाने वाले वेतन में से 9 से 20 हजार रुपए की कटौती भी कर दी गई है। इसके साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 2016 के बाद पीएचडी डिग्री वाले शिक्षकों से पहले दिए गए वेतन वृद्धि की रिकवरी का आदेश दिया भी जारी कर दिया है। इसे लेकर विरोध भी शुरू हो गया है। इस आदेश के बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 170 के करीब असिस्टेंट



प्रोफेसर प्रभावित हो रहे हैं। इस महीने का वेतन सभी को रिकवरी के साथ ही कटौती करते हुए मिली है।

यूजीसी ने एक सर्कूलर जारी करते हुए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को पीएचडी और एमफिल डिग्री वाले शिक्षकों को वेतन वृद्धि देने की अनुमति वाले आदेश पर रोक लगा दी है। एक दशक से अधिक समय बाद यूजीसी ने यह यू-टर्न लिया है और संस्थानों को ऐसा करने से रोक दिया गया है। यूजीसी ने वेतन वृद्धि के मुद्दे पर उच्च शिक्षा विभाग के पत्र का पालन करने के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालयों को स्पष्टीकरण भी जारी किया है। यूजीसी ने मंत्रालय के 2 नवंबर, 2017 के पत्र का हवाला दिया है जिसमें प्रोत्साहन संरचना वेतन संरचना में ही अंतर्निहित है का उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि एमफिल या पीएचडी की डिग्री प्राप्त करने के लिए अग्रिम वेतन वृद्धि के रूप में कोई प्रोत्साहन नहीं होगा। गौरतलब है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रोफसरों को पीएचडी और एमफिल करने पर दो प्रकार की वेतन वृध्दि मिलती है। इसमें जो भी प्रोफेसर नियुक्ति से पहले पीएचडी या एमफिल किया रहता है उसे पांच वेतनवृध्दि मिलती है।

### जीजीयू एकमात्र विश्वविद्यालय जहां कटौती शुरू

सबसे खास बात है कि पूरे देश में गुरुघासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ही एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जहां इस प्रकार की कटौती तत्काल करनी शुरू कर दी गई। दूसरे सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने अभी यूजीसी के आदेश और सर्कुलर पर विचार करने की बात कही है। कुछ संगठनों ने यूजीसी के इस आदेश को वापस लेने और शिक्षकों के लिए समाधान निकालने की मांग की है। हालांकि भारी विरोध के बाद भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शोध योग्यता के लिए शिक्षकों को वेतन वृद्धि देने से इनकार करने के आठ साल पुराने सरकारी निर्देश को लागू कर दिया है।

### असिस्टेंट प्रोफसर हाईकोर्ट जाने की तैयारी में

असिस्टेंट प्रोफसरों ने इसे लेकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति और रजिस्ट्रार से मुलाकात की है। सकारात्मक आश्वासन तो अधिकारियों से मिला लेकिन कर्मचारियों को राहत नहीं मिली। यूनिवर्सिटी के शिक्षक संगठन इस फैसले का विरोध कर रहे हैं और यूजीसी से इस आदेश को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इस फैसले से नाराज असिस्टेंट प्रोफसर हाईकोर्ट जाने की तैयारी में भी हैं। इनका कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के एक आदेश जारी करते हुए 20 हजार रुपए तक वेतन से काट लिया जाना गलत है। यूजीसी को अपने आदेश की समीक्षा करते हुए जारी सर्कुलर के दायरे में आने वाले प्रोफेसरों की स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए। शिक्षक संगठन इस फैसले का विरोध कर रहे हैं और इसे यूजीसी के 2018 के सेवा नियमों के खिलाफ बता रहे हैं।

मई दिवस पर एसईसीएल ने किया श्रमवीरों का सम्मान

# श्रमिक साथियों की कर्तव्यनिष्ठा हमारी प्रगति के मूल में : सीएमडी



**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर आडिटोरियम में खनिक दिवस का आयोजन अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना-परियोजना एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, पूर्व निदेशक (एच आर) आर. एस. सिंह, एसईसीएल संचालन समिति के नाथूलाल पाण्डेय, सुजीत कुमार सिंह, अजय विश्वकर्मा, गोपाल नारायण सिंह, वीएम मनोहर, एके पाण्डेय के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आनंद मिश्रा, संजय सिंह, बी. धर्माराव, जीएस प्रसाद, सिस्टा अध्यक्ष एआर सिदार, सिस्टा महासचिव आर.पी. खाण्डे, अनिरूद्ध कुमार चन्द्रा, मंगला सिंह यादव, श्रद्धा महिला मण्डल उपाध्यक्ष इप्सिता दास, हसीना कुमारी, विनीता जैन आदि मौजूद थे। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने सभी को खनिक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारे श्रमबल की मेहनत एवम लगन की बदौलत आज कोयला उद्योग में एसईसीएल महत्वपूर्ण स्थान रखता है । हम सभी एक टीम के सदस्य के रूप में कार्य करेंगे तथा जो भी चुनौतियां है उनका मिलकर समाधान निकालेंगे। इस अवसर पर श्रमवीरों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर निदेशक मण्डल द्वारा सर्वोत्कृष्ठ खनिक सम्मान से एसईसीएल के प्रथम पुरूष हरीश दुहन को सम्मानित किया गया। पूर्व निदेशक आर. एस. सिंह ने कहा कि यहाँ के श्रेष्ठ नेतृत्व व कर्मठ कर्मवीरों के बलबूते निश्चय ही अपने गौरवशाली सफलता के इतिहास को दोहराएगा। एसईसीएल संचालन समिति के एसईसीएल संचालन समिति के नाथूलाल पाण्डेय, सुजीत कुमार सिंह, अजय विश्वकर्मा, गोपालनारायण सिंह, वी. एम. मनोहर, एके पाण्डेय ने श्रमिक दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व वरुण शर्मा, एवं सी. अनुराधा ने निभाया।

### आप ने किया श्रमिकों का सम्मान

आम आदमी पार्टी ने 1 मई को मजदूर दिवस पर शनिचरी बाजार स्थित बिलासा दाई चौक पर मजदूर भाई एवं बहनों का सम्मान मजदूर भाइयों को गमछा पहना कर एवं मजदूर बहनों को चुनरी पहना मिष्ठान वितरण कर किया। मजदूर दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी द्वारा मजदूरों के सम्मान के इस कार्यक्रम को मजदूर भाई बहनों ने खूब सराह एवं बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। मजदूर भाइयों एवं बहनों में एक उत्साह की लहर नजर आई । आज के इस कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के सरदार जसबीर सिंह, भानु चंद्रा, अरुण नायर, प्रमोद पटेल, सनत गोयल, अनुभा शर्मा, रेखा भंडारी, चिंता देवी, अरविंद पाण्डेय, डॉ श्याम घोष, बसंत पठारी, इरफ़ान सिद्दीकी, संजय गढ़ेवाल, संतोष बंजारे, गौतम दास मानिकपुरी, बलदेव सोनी, सोनू देवांगन, उमेंद्र सिंह, छोटे श्रीवास, बोधन, भारत सिंह ठाकुर, नरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।



**5 वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षा में 9 हजार बच्चे हो गए फेल**

# अब स्कूल में ही होगी परीक्षा और वहीं होंगे पास



**बिलासपुर।** करीब 15 साल बाद ली गई पांचवी आठवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इसमें 9 हजार बच्चों को स्तर नीचे पाया गया है। मतलब कि बच्चे फेल हो गए हैं। इन बच्चों की अब मई में फिर से क्लासेस लगाते हुए जून में परीक्षा ली जाएगी और पास किया जाएगा। परीक्षा स्कूल स्तर पर ही होगी और मूल्यांकन भी स्कूल के शिक्षक ही करेंगे। मतलब कि बच्चों को पास करते हुए कक्षाउन्नति करना ही है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करने और परीक्षा देने वाले बच्चों को हिंदी में मार्कशीट दी जा रही है। इसे लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इससे पालकों में भी नाराजगी है। दूसरी ओर जारी रिजल्ट पर ध्यान दें तो 8वीं के उत्तीर्ण परीक्षार्थी का प्रतिशत 78.79% रहा तो पांचवी का रिजल्ट 88.97% रहा है।

- **8वीं में 78.79% प्रतिशत तो पांचवी में 88.97% रहा परिणाम**

गौरतलब है करीब एक दशक के लंबे अंतराल के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं ली गईं। इसके लिए अलग से प्रश्नपत्र का ब्लूप्रिंट जारी किया गया था। पांचवी की परीक्षा 17 मार्च से 27 मार्च तक और आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से शुरू होकर 3 अप्रैल तक चली थी। इसके बाद कापियों का मूल्यांकन ब्लाक बदलकर किया गया। मूल्यांकन पूरा होने के बाद मार्कशीट बनाई गई। परीक्षा के दौरान 5वीं के बच्चों ने दो घंटे में 40 अंकों का प्रश्नपत्र हल किया। दस अंक प्रोजेक्ट वर्क के थे। इसी तरह

### फर्स्ट डिवीजन में पास होने वाले अधिक

गुरुवार सुबह 11 बजे दोनों कक्षाओं के रिजल्ट कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जारी किया। जारी रिजल्ट में कक्षा 5वीं में दर्ज 26028 परीक्षार्थी में से 23157 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इसमें प्रथम श्रेणी 20909, द्वितीय श्रेणी 2125 एवं तृतीय श्रेणी 123 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस तरह जिले में कक्षा 5वीं के उत्तीर्ण परीक्षार्थी का प्रतिशत 88.97% रहा। इसी तरह जिले में कक्षा 8वीं के 30050 परीक्षार्थी में से 23677 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें प्रथम श्रेणी 17825, द्वितीय श्रेणी 5478 एवं तृतीय श्रेणी 374 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। जिले में कक्षा 8वीं के उत्तीर्ण परीक्षार्थी का प्रतिशत 78.79% रहा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल तिवारी उपस्थित थे।

कक्षा 8वीं में कुल 100 अंक थे। इसमें 80 अंक लिखित परीक्षा के और 20 अंक प्रैक्टिक्ल के थे। इस बोर्ड परीक्षा में हिंदी माध्यम के स्कूलों के अलावा पीएम श्री, आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम और सरकारी सीबीएसई स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हुए थे।

रिजल्ट जारी होने के साथ ही बच्चों को मार्कशीट भी दी जा रही है जो कि हिंदी में है। हिंदी माध्यम में पढ़ने वाले बच्चों के लिए यह अंकसूचि तो फिर भी ठीक है लेकिन विभाग ने अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करने और परीक्षा देने वाले बच्चों को भी ऐसी ही अंक सूची थमा दी है। ध्यान रहे कि इस परीक्षा में पीएमश्री, आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम, उत्कृष्ट विद्यालय सहित सरकारी सीबीएसई स्कूल के छात्र भी शामिल हुए जिन्होंने साल भर अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की। इन विद्यार्थियों को हिंदी में प्रिंट अंकसूची थमा दी गई।

### 29 प्रतिशत बच्चे नहीं हो पाए पास

परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए कलेक्टर बिलासपुर द्वारा बताया गया है कि कक्षा 5वीं में लगभग 11% तथा कक्षा 8वीं में 21% बच्चे उत्तीर्ण नहीं हो पाये है। इन बच्चों के लिए संबंधित विद्यालय के शिक्षकों की समीक्षा बैठक आयोजित कर पूरक पात्रता प्राप्त बच्चों की उपचारात्मक शिक्षण कर इन सभी बच्चों के लिये पुनः परीक्षा आयोजित की जावेगी। साथ ही ऐसे शिक्षक जिनका परीक्षा परिणाम औसत से कम है, उन सभी के लिए उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। डीईओ श्री तिवारी के अनुसार जो छात्र असफल होंगे, उन्हें दोबारा मौका दिया जाएगा। इसके लिए गर्मी की छुट्टियों के दौरान विशेष कक्षाएं लगाई जाएंगी।

## स्काउट्स गाइड्स ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने निकाली साइकिल रैली



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण संदेश के लिए निकाली गई साइकिल यात्रा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा राज्य भर में पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए किया गया साइकिल संदेश यात्रा निश्चित रूप से पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में कारगर प्रयास है।

उन्होंने कहा कि आज से 30 वर्ष पहले तक जल 20 फीट में मिल जाता था, गर्मी भी उतनी नहीं होती थी, जिस तरह से पर्यावरण दूषित हुआ है अगर हम सब समय रहते संरक्षण करने के लिए ध्यान नहीं देंगे तो आने वाली पीढ़ी को पानी के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने कहा कि छग स्काउट्स गाइड्स द्वारा आज 30 जिलों में एक साथ यह समारोह किया गया है। उन्होंने बताया कि 1 मई को पर्यावरण एवं जल संरक्षण संदेश साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। साइकिल यात्रा गांधी चौक से प्रारंभ होकर नेहरू चौक होते हुए राजेन्द्र नगर स्कूल तक संपन्न हुई। जिसका नेतृत्व सोमनाथ यादव ने किया। स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशिष्ट अतिथि जिला मुख्य आयुक्त चंद्र प्रकाश बाजपेयी और जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विजय कुमार यादव, प्राचार्य मोहन पटेल, रत्ना मिश्रा, सुश्री लता यादव, महेन्द्र बाबू टंडन, संतोष त्रिपाठी, शत्रुघ्न सूर्यवंशी, प्रदीप निर्नेजक, डॉ. पूनम सिंह, सरला दुबे, शशांक विश्वकर्मा, अपर्णा सारखेल, रश्मि गुप्ता, शिव साहू, निधि कश्यप आदि मौजूद थे।

## कैट वर्ष 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाएगा




**बिलासपुर।** व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के बिलासपुर इकाई अध्यक्ष व राष्टीय कौंसिल सदस्य किशोर पंजवानी व कैट बिलासपुर के सचिव व राष्टीय कौंसिल सदस्य हीरानन्द जयसिंह ने बताया कि कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की दो दिवसीय बैठक भुवनेश्वर में सम्पन्न हुई।

कैट वर्ष 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाया जाएगा है। कैट ने बताया कि यह वर्ष व्यापारियों के अधिकारों, देश के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास में उनके योगदान और उनकी समस्याओं को उजागर करने तथा उनके सम्मान को स्थापित करने के उद्देश्य से समर्पित होगा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खण्डेलवाल ने कहा कि व्यापारी को होने वाली छोटी बड़ी समस्या के निदान के लिए हमेशा व्यापारी के साथ कैट मजबूती से खडा रहा है। हम आगे भी छोटे व्यापारियों के लिए और भी अधिक मजबूती के साथ खडे रहेगें। । कैट के बिलासपुर सचिव हीरानन्द जयसिंह ने बताया कि कैट की उड़िसा के भुवनेश्वर में दो दिवसीय राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की बैठक में में देश के सभी राज्यों के लगभग 150 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेता शामिल हुए। व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया। कैट छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल मे कैट नेशनल वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, छत्तीसगढ़ कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन, छत्तीसगढ़ महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, बिलासपुर अध्यक्ष किशोर पंजवानी, बिलासपुर सचिव हीरानंद जयसिंह, छग युवा अध्यक्ष अवनीत सिंह आदि मौजूद थे।

# यदि परिवार के सदस्यों में से कोई भी एक सरकारी सेवा में है तो नहीं मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अनुकंपा नियुक्ति को लेकर दायर याचिका की सुनवाई के बाद जस्टिस बीडी गुरु ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि यदि परिवार के सदस्यों में से एक सरकारी सेवा में है, तो अनुकंपा नियुक्ति के लिए आश्रित के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। इस टिप्पणी के साथ सिंगल बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया है। प्रमुख पक्षकार बिलासपुर नगर निगम की ओर से अधिवक्ता संदीप दुबे ने पैरवी की।

बहतराई अटल निवास बिलासपुर निवासी मुरारीलाल रक्सेल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से बिलासपुर हाईकोर्ट में



- **बिलासपुर निगम की महिला कर्मचारी के पुत्र ने दायर की थी याचिका**

याचिका दायर कर मां की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने बताया कि उसकी मां नगर निगम बिलासपुर में नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत थीं। 21 अक्टूबर 2020 को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण उनकी मृत्यु हो गई। याचिका के अनुसार वह अपनी मां के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए उसने 22 फरवरी 2021 को सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ नगर निगम में आवेदन किया। नगर निगम ने 13 सितंबर 2023 को यह कहते हुए इस मांग को खारिज कर दिया कि याचिकाकर्ता के पिता पहले से ही नगर निगम में सरकारी कर्मचारी के रूप में काम कर रहे हैं।

### प्रावधानों के अनुसार पात्रता नहीं: निगम

याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि पिता लंबे समय से उससे अलग रह रहे हैं और वह अपनी मां पर आश्रित था, जिनकी 21 अक्टूबर 2020 को सेवा के दौरान मृत्यु हो गई थी। नगर निगम बिलासपुर की ओर कहा गया कि वर्तमान में प्रचलित नीति के अनुसार, यदि मृतक कर्मचारी के परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी सेवा में है, तो परिवार के अन्य सदस्य के दावे पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए विचार नहीं किया जाएगा। निगम की ओर से जवाब में कहा गया कि याचिकाकर्ता की मां की मृत्यु 21 अक्टूबर 2020 को हो गई थी और याचिकाकर्ता के पिता मृतक कर्मचारी की मृत्यु के समय नगर निगम में सरकारी कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस बीडी गुरु ने फैसले में कहा किराज्य शासन के परिपत्र के अनुसार यह प्रावधान है कि यदि परिवार के सदस्यों में से कोई एक सरकारी सेवा में है, तो अनुकंपा नियुक्ति के लिए आश्रित के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। इस फैसले के लिए साथ याचिका खारिज कर दी गई है।

## जरहाभाठा में बन रहे शादी भवन को तोड़ने पर हाईकोर्ट की रोक

हाईकोर्ट ने नगर निगम बिलासपुर की नियम विरुद्ध कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए बिना स्वीकृति अवैध निर्माण हटाने के नाम पर की गई तोड़फोड़ पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने अवमानना कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

याचिकाकर्ता कृष्ण कुमार अग्रवाल को नगर निगम ने 11 अप्रैल 2025 को एक नोटिस जारी कर उनके निर्माण को अवैध बताते हुए हटाने का निर्देश दिया था। यह निर्माण जरहाभाठा मंदिर चौक में किया जा रहा है। निगम के मुताबिक यहां शादी भवन बन रहा था और इसके लिए अनुमति नहीं ली गई थी। नोटिस का जवाब याचिकाकर्ता ने 16 अप्रैल को दस्तावेजों सहित दिया, लेकिन निगम ने उस पर विचार किए बिना ही 24 अप्रैल को तीन दिन में अतिक्रमण हटाने का नया नोटिस जारी कर दिया। इन तीन दिनों की अवधि में एक शनिवार और एक रविवार की छुट्टियां शामिल थीं। इसके बावजूद निगम ने 26 अप्रैल को ईमेल द्वारा भेजे गए विस्तृत उत्तर की अनदेखी करते हुए निर्माण को आंशिक रूप से ध्वस्त कर दिया।

### निगम अधिकारियों को कोर्ट ने किया तलब

पूरे मामले को कृष्ण कुमार अग्रवाल द्वारा हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया गया जिस पर न्यायालय ने नगर निगम के अधिवक्ता को अधिकारियों को आगे की कार्यवाही रोकने का निर्देश दिया, लेकिन इसके बावजूद तोड़फोड़ जारी रही। इसके बाद न्यायालय ने भवन अधिकारी सुरेश शर्मा, जोन कमिश्नर सविना अनंत और अतिक्रमण शाखा के प्रभारी प्रमील शर्मा को व्यक्तिगत रूप से तलब किया। न्यायालय ने तीनों अधिकारियों से पूछा कि छुट्टी के दिनों में कार्यवाही क्यों की गई, तीन दिन का ही नोटिस क्यों दिया गया साथ ही याचिकाकर्ता की आपत्ति को दरकिनार क्यों किया गया उसे सुना क्यों नहीं गया। हाईकोर्ट ने तोड़फोड़ पर रोक लगाते हुए सभी अधिकारियों को 5 तारिख तक व्यक्तिगत शपथ पत्र प्रस्तुत करने कहा है। मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी।

## एजुकेशन प्लस

### न्यू मॉडर्न स्कूल चांटीडीह एवं डबरीपारा का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी



**बिलासपुर।** न्यू मॉडर्न स्कूल चांटीडीह एवं डबरीपारा में 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस अवसर पर दोनों विद्यालय में छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यालय की प्राचार्य किरण सिंह, प्रधानाचार्य नमिता ओझा, विश्वजीत सिंह एवं मुख्य अतिथि पार्षद पति विजय यादव द्वारा नर्सरी से कक्षा ग्यारहवीं तक के कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य किरण सिंह व परीक्षा प्रमुख साधना श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। परिणाम को लेकर प्रसन्नता जताई।

## खबर संक्षेप

### आवास सर्वे का समय बढ़ा कौशिक ने जताया आभार



**बोदरी।** जनपद अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक जी ने 15 अप्रैल तक आवास प्लस सर्वे बढ़ाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। साथ ही उन्होंने छूटे हुए हितग्राहियों से फिर से सर्वे करने का आग्रह किया, ताकि कोई भी हितग्राही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ड्रीम प्रोजेक्ट का लाभ लेने से वंचित ना हो। भाजपा के मिडिया प्रभारी नरेश जायसवाल ने भी आग्रह किया कि यदि किसी कारणवश कोई छूट गया है तो उनका फिर से सर्वे कराया जाए।

### एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर ने विद्यालय का किया दौरा

**कोरबा।** वन छग बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार और सूबेदार मेजर डूंगर सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय कोरबा का दौरा किया किया। उन्होंने विद्यालय पहुंचकर प्राचार्य राजू दुबे से मुलाकात की।विद्यालय में चलने वाले एनसीसी क्रियाकलापों के बारे में विचार विमर्श किया। उन्होंने एनसीसी कैडेट से मिलकर उनसे एनसीसी गतिविधियों से संबंधित फीडबैक भी प्राप्त किया। कर्नल कुमार ने विद्यालय के एनसीसी गतिविधियों से संतुष्टि जताई और भविष्य में बच्चों को एनसीसी के माध्यम से भारतीय सेना भर्ती के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय एनसीसी अधिकारी थर्ड ऑफिसर रितेश भोसले ने उन्हें विद्यालय के एनसीसी कैडेट की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### चोटिया में 60 हाथियों के विचरण से ग्रामीणों में दहशत

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज अंतर्गत चोटिया क्षेत्र में 60 की संख्या में हाथी मौजूद हैं। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने और विचरण करने से जहां ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, वहीं वन विभाग भी सतर्कता बरतते हुए हाथियों की निगरानी में जुट गया है। हाथियों की मौजूदगी वाले क्षेत्र में स्थित गांव के लोगों को हाथियों की मौजूदगी की जानकारी देने के साथ ही उन्हें सावधानी बरतने को कहा जा रहा है। हाथियों ने केंदई वन परिक्षेत्र को अपना डेरा बना लिया है। बीच-बीच में वे पास में स्थित पसान एतमानगर तथा जटगा रेंज पहुंच जाते हैं, लेकिन एक-दो दिन वहां भ्रमण करने के बाद पुनः वापस लौटकर केंदई रेंज में डेरा डाल देते हैं। है। हाथियों की सक्रियता को देखते हुए जनहानि की आशंका बनी हुई है।

## पहलगाम आतंकी घटना के कारण कार्यक्रम नहीं करने का किया था ऐलान

# सादगी से मना विधायक सुशांत का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



गुरुवार को विधायक सुशांत शुक्ला को जन्मदिन की बधाई देते समर्थक।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों को मृत्यु हुई है एवं कई घायल हुए हैं। ऐसे अवसर पर जब कई परिवार शोक संतप्त है, पूरा देश दुखी और आक्रोशित है ऐसे में मैं अपना जन्मदिन कैसे मना सकता हूं।

इस कथन के साथ बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने जन्मदिन के पहले ही जन्मदिन नहीं मनाने का निर्णय लिया था और जन्मदिन के अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं करने की अपील की थी। जिसके फलस्वरूप 1 मई को विधायक के जन्मदिन के अवसर पर किसी भी प्रकार का कोई समारोह आयोजित नहीं किया गया। इस दौरान विधायक सुशांत शुक्ला का जन्मदिन बिना किसी बड़े समारोह के सादगीपूर्वक मनाया गया। विधायक सुशांत शुक्ला ने इस दौरान शासकीय आवास में उपस्थित होकर विधायक ने सभी की शुभकामनाएं स्वीकार की। पहलगाम आतंकी हमला देश की आत्मा पर किया गया हमला है, जिसमें निहत्थे और निर्दोष 26 नागरिकों को मार दिया गया। मृतकों को श्रद्धांजलि और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक सुशांत ने कहा कि मृतकों को न्याय मिलेगा और आतंकियों तथा उनके सरंक्षकों को मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

आज देश का हर नागरिक दुखी और आक्रोशित है, साथ ही सभी को पीएम श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। वे निश्चित ही हमेशा की तरह देश की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

### पार्षद जय वाधवानी ने मनाया विधायक सुशांत का जन्मदिन



**बिलासपुर।** पहलगाम में हुई आतंकी घटना को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने जन्मदिवस में किसी प्रकार के सार्वजानिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया। आज उनका जन्मदिन सेवा सदन में शांतिपूर्ण, शिष्टाचार भेंट कर मनाया गया। समर्थकों ने उन्हें मिलकर शुभकामनाएं दी।

### समर्थकों ने दी जन्मदिन की बधाई



**बिलासपुर।** बेलतरा विधानसभा के यशस्वी एवं लोकप्रिय विधायक सुशांत शुक्ला को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने केक कटवाकर लम्बी उम्र की कामना की। आशीष शुक्ला, अभिषेक गुप्ता और प्रदीप मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और उनके कुशल नेतृत्व की सराहना की। सुशांत शुक्ला को क्षेत्र के विकास, युवाओं के हितों और जनसेवा में अग्रणी भूमिका के लिए जाना जाता है।

## हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत



**भरींडांड़।** मरवाही वन परिक्षेत्र में कक्ष क्रमांक 2026 माड़ाकोट कुम्हारी झांपी डोंगरी में गुरुवार दोपहर को एक हाथी के हमले में ग्रामीण राम प्रसाद पाव की मौत हो गई। ग्रामीण तेंदूपत्ता बंडल बनाने के लिए रस्सी लेने के लिए जंगल गया हुआ था, इसी दौरान यह हादसा हुआ।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रामप्रसाद पाव अपने चार साथियों के साथ तेंदूपत्ता बंडल बनाने के लिए झांपी डोगरी जंगल की ओर गया था, इसी दौरान हाथी ने हमला कर दिया। तीन दोस्तों ने भाग कर अपना जान बचा लिए लेकिन राम प्रसाद पाव उम्र 55 वर्ष भाग नहीं पाया और हाथी की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि हाथी उसे 500 मीटर तक घसीट कर ले गया और उसकी हत्या कर दी।

सतनरवा नाले में हाथी था जो कि कोरिया वनमंडल की ओर से मरवाही वनमंडल में उसाढ़ के रास्ते से आया है। वह दोपहर में नाले में विश्राम कर रहा था, जिसे ये लोग देख नहीं पाए। इसी दौरान हाथी ने रामप्रसाद पाव पर हमला कर दिया और उसकी मौत हो गई। शव को पीएम के लिए मरवाही ले जाया गया है। पीएम के बाद को शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### दी जाएगी सहायता राशि

वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार ग्रामीण मृतक के परिजनों को तत्काल 25 हजार की सहायता राशि दी जाएगी। घटना के बाद बाकी गांवों में मुनादी करवा दी गई है, कि जंगल की ओर कोई भी ना जाए।

- राजकुमार ओट्टी, वन रक्षक

# कोटा विधायक निवास में बोरे बासी खाकर मनाया गया श्रमिक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के निवास पर कांग्रेस नेताओं के साथ बोरे बासी खाकर श्रमिक दिवस मनाया। अटल श्रीवास्तव ने बताया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 मई श्रमिक दिवस को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया था।

मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने लगातार प्रतिवर्ष मजदूरों के साथ बोरे बासी खाकर श्रमिक दिवस को सम्मान दिया। भूपेश बघेल द्वारा जारी परंपरा का निवर्हन करते हुए आज भी बोरे बासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता प्रमोद नायक राजेन्द्र शुक्ला आदित्य दिक्षित अरूण त्रिवेदी शीतल जायसवाल शिवदत्त पाण्डेय अभय नारायण राय भरत कश्यप रामा बघेल अब्दुल इब्राहिम तैयब हुसैन पंचराम सूर्यवंशी अरविन्द शुक्ला सीमा पाण्डेय ओम कश्यप दिलीप सिंह राज बंजारे शंकर कश्यप मनोज बाजपेयी कान्हा गुप्ता पार्षद कोटा आदि उपस्थित थे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने भी बोरे बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया।

# होटल में लगी आग सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



नगर पालिका के पास अज्ञात कारण के चलते होटल में आग लगाने से गुमटी जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिसर में संचालित होटल मालिक संजय यादव पिता संतोष यादव निवासी वार्ड क 18 ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि नगर पंचायत के पास उनका होटल है।

28 अप्रैल रात लगभग 11 बजे मनीष त्रिपाठी, रिक्की सलूजा ने उन्हें होटल में आग लगनेकी सूचना दी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर मोहल्लेवासियों के सहयोग से आग बुझाई। पीड़ति ने थाना प्रभारी से उक्त घटना की जांच कर दोषियों के विरूध्द कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## माइक्रो फाइनेंस कंपनी का रिकवरी एजेंट पहुंचा था धमकाने, मामला दर्ज

**कोरबा।** फ्लोरा मैक्स नामक कंपनी में ठगी का मामला सामने आने के बाद इसमें 100 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है। प्रशासन की हिदायत के बाद भी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंट ठगी की शिकार महिलाओं के घर पहुंचकर उन्हें धमकाने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस लगातार मामला दर्ज कर रही है। नया मामला सामने आने के बाद पुलिस ने माइक्रोफाइनेंस एजेंट के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में जिले के सभी थाना चौकी पुलिस के द्वारा जिले में कार्यरत विभिन्न माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के एजेंट द्वारा फ्लोरा मैक्स कंपनी की ठगी की शिकार महिलाओं को लोन रिकवरी के नाम पर धमकाए जाने पर एजेंटों के विरुद्ध सतत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेसियों ने बोरे बासी खाकर मनाया मजदूर दिवस



**तखतपुर।** मजदूर दिवस के अवसर पर कांग्रेसियों ने बोरे बासी खाकर इस दिन को यादगार बनाया एवं मेहनतकसों को सलामी दी। 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर सभी कांग्रेसजनों ने अपने-अपने घरों में बोरे बासी खाया तथा उन सभी श्रमवीरों को याद किया जिनके सहयोग से प्रदेश और देश नित नई प्रगति के सोपान की ओर अग्रसर है। इन्हीं मजदूरों के बदौलत ही आज भात विश्व में अग्रणी स्थान की ओर बढ़ रहा है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने कहा कि आज का दिन हम सभी मेहनतकसों को याद करते हैं और इसकी शुरूआत कांग्रेस काल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की थी। लेकिन अब प्रदेश में सत्ता बदल गई है तो भाजपा को मेहनतकसों की मेहनत की कोई कद्र नहीं है, परंतु हम सभी कांग्रेसजन और प्रदेश की जनता उन सभी श्रमवीरों के साथ हैं। इस अवसर पर पार्षद सुनील जांगड़े, सुरेश ठाकुर, हेमंत कश्यप ने बोरे बासी खाया।

# एसईसीएल में पीएफ घोटाला दो ठेकेदारों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में नियोजित ठेकेदारों द्वारा पीएफ में घोटाले का मामला सामने आया है। जिसके बाद दो ठेकेदारों के खिलाफ जुर्म दर्ज करने के साथ 217 ठेकेदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

ईपीएफओ ने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा है कि एसईसीएल के अंतर्गत काम कर रहे अधिकतर ठेकेदारों ने कर्मचारी भविष्य निधि व विविध उपबंध अधिनियम 1952 के प्रावधानों का उल्लंघन किया हैं। इन ठेकेदारों ने पात्र कर्मचारियों से काम तो लिए पर उनका न तो पंजीयन कराया और ना ही उनके नियमित योगदान की राशि ही भविष्य निधि कार्यालय में जमा कराई। यही नहीं उक्त ठेकेदारों द्वारा आवश्यक रिटर्न तक दाखिल नहीं कर कर्मचारियों के हितों का उल्लंघन करते हुए शासन के मद की राशि भी जमा नहीं कर क्षति पहुंचाया जा रहा है। ठेकेदारों ने एसईसीएल के संबंधित परियोजनाओं के कार्यालयों में फर्जी पीएफ चालान प्रस्तुत कर बिना सत्यापन के ही भुगतान प्राप्त करते रहे हैं।

### हुई है बैठक

ठेका कंपनियों व एसईसीएल के साथ हुए कांटेक्ट में सभी नियमों का उल्लेख रहता है। नियमानुसार पीएफ जमा नहीं करने वारे ठेकेदारों के खिलाफ प्रबंधन सख्त कार्रवाई करेगा। रिजनल कमिश्नर जबलपुर व बिलासपुर के साथ बैठक की गई है।

-डॉ.सनीषचंद, पीआरओ एसईसीएल

## निधन

### सुरेंद्र अवस्थी



**बिलासपुर।** मुंगेली निवासी सुरेंद्र अवस्थी का 1 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुंगेली में किया गया। वे राजेन्द्र अवस्थी के बड़े भाई थे।

### श्याम लाल आहूजा



**बिलासपुर।** धान मंडी रोड टाइगर बंगला तोरवा के पीछे रहने वाले श्याम लाल आहूजा का 1 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 मई की सुबह 10 बजे उनके निवास धान मंडी रोड से तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे हरीश, नरेश आहूजा के पिता एवं स्व. मन्नू मल आहूजा के पुत्र थे।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**

**सीमांकन सूचना**

प्रति, 1. सुरेश पाण्डेय 2. दीपक शर्मा, जी.पी. शर्मा 3. रंजीत सिंह चावला, खजान सिंह 4. सीमा पति विरेन्द्र 5. दुखनबाई, शांताराम, श्यामलाल 6. दैनिक समाचार 7. संबंधित अन्य

विषयः- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह/ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 07.04.2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम सकरी प.ह.न. 45 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 600 रकबा 0.0690 हे. वर्गफीट एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी सुरेश पाण्डेय पिता/ पति अयोध्या प्रसाद निवासी सकरी के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 03/05/2025 को समय 9:00 AM to 5:00 PM बजे तक किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

टीपः- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

1. न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।

**राजस्व निरीक्षक, सकरी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक-मुंगेली (श.) तहसील व जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**सूचना**

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के ज्ञापन क्र. 211 दिनॉक 15/4/25 के अनुसार आवेदक अमित सोनी पिता/पति ज्ञानचंद निवासी मुंगेली द्वारा ग्राम करही प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. मुंगेली (श.) तहसील मुंगेली स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 302/2 रकबा 0.040 हेक्ट. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय तहसीलदार के आदेशानुसार उक्त आवेदकदित खसरा का सीमांकन मौके पर दिनॉक 14/5/2025 को 9:00 बजे किया जायेगा।

अतः आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहें। सूचना उपरांत भी मौके पर अनुपस्थित रहने पर नियत तिथि को आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। सीमांकन के निर्धारित तिथि के पूर्व हितबद्ध पक्षकार अपना दावा/आपत्ति सक्षम न्यायालय में दर्ज करा सकता है।

प्रति,
1. शैलकुमारी पांडेय,
2. श्री मनोज पांडेय,
3. श्री बद्री प्रसाद
एवं समस्त अन्य हितबद्ध पक्षकार।

**राजस्व निरीक्षक मुंगेली**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सामान्य आवास, मंगला, बिलासपुर में निर्मित ई.डब्ल्यू.एस. भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. - 124 आबंटी श्री प्रमोद कुमार जैन पिता श्री सुरेश चंद जैन के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 07.12.2013 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्री पूर्णिमा सिंह पति श्री वीरेन्द्र सिंह को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेरा पूरा नाम HARISH CHANDRA KEDIA पिता स्व. श्री कालूराम केडिया एवं संक्षिप्त प्रचलित नाम HARISH KEDIA, निवासी P-23, क्रांति नगर, जैन मंदिर मार्ग बिलासपुर-495004 छत्तीसगढ़ है। पासपोर्ट में मेरा पूरा नाम HARISH CHANDRA KEDIA दर्ज है। आधार कार्ड एवं पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा संक्षिप्त एवं वर्तमान में प्रचलित नाम HARISH KEDIA दर्ज है। मेरा पासपोर्ट नंबर M 5782705 है जो कि दिनांक 26/02/2025 तक वैध था। इसके नवीनीकरण के लिए मैने आवेदन दिया है। मै शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि HARISH CHANDRA KEDIA एवं HARISH KEDIA दोनों मेरा ही नाम है।

Date:- 02.05.2025
हस्ताक्षरकर्ता
**HARISH KEDIA / HARISH CHANDRA KEDIA**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अपने मुवक्किल गणेश राम पिता श्री भरत राम, निवासी शिव मंदिर गोडपारा मोपका बिलासपुर की ओर से अधिकृत एवं उनके निर्देशानुसार निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे मुवक्किल ने अजय पाण्डेय पिता चन्द्रप्रकाश पाण्डेय, निवासी वार्ड नं. 02, बाजारपारा सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ वाले से उनके नाम, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा मोपका, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका, तहसील एवं जिला बिलासपुर छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नं. 897/8, रकबा 1237.5 वर्गफुट को क्रय करने का सौदा 25/04/2025 को इकरारनामा निष्पादित कर अग्रिम राशि प्रदान किया है तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि का रजिस्ट्री होना प्रस्तावित है अतएव उक्त भूमि के क्रय-विक्रय संव्यवहार तथा विक्रय पंजीयन में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम, मण्डल, इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा कोई हित निहित हो तो वे इस आम-सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सहित मेरे निम्नांकित पते पर प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी। सो सूचना जानिए।

दिनांक :- 29/04/2025
**भवदीय**
**(राकेश पाण्डेय) अधिवक्ता**
**निवास-सागरदीप कॉलोनी उसलापुर बिलासपुर मो.नं. 9009577428**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं /अ-6/2024-25

पक्षकार-साधना वाधवानी पति बालाराम वाधवानी...आवेदिका **बनाम** छ.ग. शासन...अनावेदकगण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका साधना वाधवानी पति बालाराम वाधवानी निवासी मसानगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसानगंज नजूल शीट नं. 29 प्लाट नं. 24/34 रकबा 2009 भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे आवेदिका एवं उसकी माता पदमा रेलवानी के नाम से पर दर्ज है। आवेदिका की माता पदमा रेलवानी की मृत्यु दिनांक 09.02.2025 को हो चुकी है आवेदिका के द्वारा उक्त भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 19/5/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 01.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// सूचना //**

विषयः- आम सूचना का खण्डन का प्रकाशन।

मैं अपने पक्षकार अजय नजात आत्मज स्व. श्री नजात अली, निवासी जरहाभांठा बिलासपुर की ओर से दैनिक समाचार पत्र में श्री सोमन्त पाण्डेय अधिवक्ता द्वारा अपने पक्षकार राज नजात अली के द्वारा प्रकाशित आम सूचना का निम्नानुसार खण्डन कर रहा हूं- 1. श्री राज नजात के द्वारा दैनिक समाचार पत्र में मोहल्ला जरहाभांटा में स्थित मेरे पक्षकार को पैतृक सम्पत्तियों के संबंध में दस्तावेजों के विपरीत कथन किये गये हैं। माननीय व्यवहार न्यायालय द्वारा पूर्व में पारित अज्ञप्ति दिनांक 20.07.2014 के आधार पर पुनः अज्ञप्ति पारित करने से इंकार किया है, इसका अर्थ यह नहीं है कि राज नजात की भूमि मेरे पक्षकार की सम्पत्ति में समाहित है अथवा मेरे पक्षकार की भूमि के भीतर 495 वर्गफिट का अतिरिक्त भू-खण्ड श्री राज नजात के मौके पर उपलब्ध नहीं है। श्री राज नजात के द्वारा मेरे पक्षकार की सहमति से दोनों की भूमियों के रास्ते को समाप्त कराते हुए अपने हिस्से के भू-खण्ड का विक्रय किया जा चुका है तथा मेरे पक्षकार एवं श्री राज नजात के मध्य निष्पादित समझौतेनामें का कियान्वयन स्वयं राज नजात के कार्यों के द्वारा और अपने हिस्से की सम्पत्ति का विक्रय करने से हो चुका है। श्री राज नजात के द्वारा दस्तावेजों को छिपाकर आम सूचना प्रकाशित करायी है तथा मेरे पक्षकार की सम्पत्ति पर बेजा अधिकार उत्पन्न करने का प्रवास किया गया है, जिसके संबंध में मेरा पक्षकार श्री राज नजात के विरूद्ध कार्यवाही का अधिकार सुरक्षित रखता है। श्री राज नजात के द्वारा मेरे पक्षकार के विरूद्ध वर्तमान में किसी प्रकार का न्यायालयीन प्रकरण संस्थित नही किया है और ऐसे किसी प्रकरण की जानकारी मेरे पक्षकार को नहीं है। मेरा पक्षकार न्यायालयीन आदेशों के आधार पर अपने हिस्से की भूमि का उपयोग और उपभोग करने में स्वतंत्र है। आम जनता के मध्य मेरे पक्षकार के अधिकारों के संबंध में किसी प्रकार की दुविधा उत्पन्न ना होवे, इस हेतु यह खण्डन प्रकाशित किया जा रहा है। अस्तु सूचना जाने।

**भवदीय**
**(पंकज खेडकर) अधिवक्ता ,**
**निवासी - पोस्ट ऑफिस गली, टिकरापारा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**

प्रो.क्र. 74/25

**न्यायालय श्रीमान (विजेन्द्र सोनवानी) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस/ नोटिस**

श्रीमती विजयलक्ष्मी ...आवेदिका
**विरूद्ध**
श्रीमती अजयलक्ष्मी वगैरह... अनावेदकगण

प्र.क्र.:- 18/2025
आदेश दिनांक 09.04.2025
आगामी पेशी:- 10.06.2025

बनामः- आम जनता जिसका इस प्रकरण से संबंध हो।

इस न्यायालय में आवेदिका द्वारा अपने दादी स्व. श्रीमती फूलबाई गेन्दले की मृत्यु दिनांक 22.11.2012 एवं हेमवती गेंदले की मृत्यु दिनांक 4.2.22 को हो जाने के कारण उनके नाम से यूको बैंक शाखा मस्तूरी बिलासपुर में जमा राशि 55,000/- रूपये के संबंध में आवेदिका की मां श्रीमती हेमवती गेंदले द्वारा दो एफ.डी. 15-15 हजार रूपये जमा किया गयां है, जो बढ़कर 40-40 हजार कुल योग 80,000/- रू. हो गया है को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 10.06.2025 को नियत है अतः इस ईश्तहार/ नोटिस के द्वारा आमजनता जिसका इस प्रकरण से संबंध हो को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 10.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थिति होवे जिसे प्रकरण के बारे में सम्यक जानकारी रखता हो एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन का जवाब दे सके उक्त दिनांक को किसी के उपस्थित नही होने पर प्रकरण का निराकरण विधि अनुसार किया जायेगा।

यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

अतः दिनांक 01/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय कर मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक: 01/05/25
स्थानः बिलासपुर (छ.ग.)
**(विजेन्द्र सोनवानी)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार दीपक कुमार कुर्रे पिता स्व. विजय कुमार कुर्रे निवासी तारबहार बिलासपुर छ.ग. के तरफ से यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने अपने हक स्वामित्व एवं कब्जे का एक माजदा वाहन क्रं. सी.जी. 04 JC 4308 जिसका इंजन नम्बर SLT3HA155962 एवं चेचिस नंबर MBUWEL4XHA0162399 है को 1,60,000/- (एक लाख साठ हजार रूपये) में दुधनदास धृतलहरे पिता स्व. दयादास निवासी झूलनाखुर्द, पोस्ट कोदवाबानी तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. को एक इकरारनामा दिनांक 12.12.2024 को विक्रय कर दिया था। किन्तु दुधनदास द्वारा उक्त इकरारनामा का स्पष्ट उल्लंघन किये जाने से इकरारनामा विखंडित हो चुका है, जिसके संबंध में उक्त संविदा/ इकरारनामा के निरस्त किये जाने संबंधी पंजीकृत सूचना पत्र दिनांक 15.04.2025 को दुधनदास को भेजी जा चुकी है, जिसकी समयावधि भी जवाब देने के लिए समाप्त हो चुकी है। चूंकि उक्त वाहन उक्त कारणों से अभी दुधनदास के कब्जे मे है जिसे कोई भी व्यक्ति क्रय न करें। न ही उक्त वाहन के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार करें। उक्त वाहन बैंक में बंधन है जिसकी किस्ते अभी भी भुगतान नहीं हुई है, जिसका जिम्मेदार दुधनदास है। मेरे पक्षकार के हिसाब से 3,20,000/- (तीन लाख बीस हजार रूपये) के साथ साथ पेनाल्टी राशि दुधनदास भुगतान करने का उत्तरदायी है।

अतः हर आम खास को सूचित किया जाता है कि उक्त वाहन के संबंध में कोई भी व्यक्ति संस्था या निकाय संव्यवहार न करे अन्यथा होने वाले परिणाम के जिम्मेदार स्वयं होंगे। तदानुसार यह आम सूचना प्रस्तुत है।

**भवदीय**
**आर.डी. शर्मा एड.**
**क्र. 723/97**
**आनंद नगर उसलापुर,**
**पो. मंगला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9300320585**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर,तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क/क/ रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 01/05/2025

प्रति, निर्मला शुक्ला, शरद गुप्ता, पी.ए. रेड्डी, सुषमा छाबड़ा ज्योति अग्रवाल, राजेश खण्डेलवाल
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज / आवेदक के बताए अनुसार)

विषयः- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क / तह/वाचक /2025 बिलासपुर दिनांक

आवेदक सुरेन्द्र पाण्डेय निवासी रायगढ़ के द्वारा ग्राम तालापारा प.ह.न. 39 रा.नि.म. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 115/5 रकबा 1860 वर्गफुट 0.0160 हे. सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 06/05/25 को समय 11 से 5 बजे को किया जायेगा।

अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र (नाम परिवर्तन बावत्)**

मैं पूजा मंगवानी उम्र 49 वर्ष पति स्व. हरीश मंगवानी निवासी ऋषी कालोनी, दयालबंद, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ:- 1. यह कि मेरा विवाह स्व. हरीश मंगवानी पिता स्व. अमृत लाल मंगवानी निवासी-ऋषी कालोनी, दयालबंद, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के साथ सामाजिक हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार दिनांक 11.02.1998 संपन्न हुई थी। मेरे पति हरीश मंगवानी की मृत्यु दिनांक 05.11.2024 को हो गयी है। 2. यह कि मै विवाह के पूर्व अपना नाम मीना साधुराम सावलानी पिता साधुराम सावलानी लिखती थी। 3. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 2796 1922 1807 में मेरे शादी के बाद का नाम पूजा मंगवानी पति हरीश मंगवानी दर्ज है। 4. यह कि उक्त दोनों नाम मीना साधुराम सावलानी एवं पूजा मंगवानी एक ही महिला का नाम होकर मेरा ही नाम है। यह कि मेरा विवाह स्व. हरीश मंगवानी के साथ हुई थी, इसलिये अब मुझे पूजा मंगवानी पति स्व. हरीश मंगवानी के नाम से जाना, पहचाना, लिखा तथा संबोधित किया जावे।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं पूजा मंगवानी पति स्व. हरीश मंगवानी उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूँ कि उक्त शपथपत्र की कंडिका-01 से 04 तक में वर्णित समस्त तथ्य मेरी व्यक्तिगत ज्ञान एवं जानकारी से सत्य एवं सही हैं, जिसे बिलासपुर में पढकर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर आज दिनांक-30/04/2025 को सत्यापित की।

शपथकर्ता

**कार्यालय रा.नि.म. पेण्डारी, तह सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सीमांकन/स्थल निरीक्षण सूचना**

दिनांक 16/04/2025

प्रति, सर्वश्री/श्रीमती 1. टाप सिंह रात्रे/गणेश प्रसाद रात्रे आवेदक 2. अजय कुमार सिंघल /भूमिका सिंघल बिलासपुर 3. मनोज कुमार श्रीवास 4. नेमीचंद जैन वास्ते दीपक कुमार जायसवाल 5. रामसिंह 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

विषयः-सीमांकन/स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 11/04/2025

संदर्भित विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम पेण्डारी प.ह.न. 47 रा.नि.म. पेण्डारी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 1210/27 रकबा 0.0100 हे. एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी टाप सिंह रात्रे पिता/पति गणेश प्रसाद रात्रे के द्वारा सीमांकन/स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल निरीक्षण दिनांक 07.05.2025 को लगभग 10.00 से 5:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.म. पेण्डारी, तह. सकरी**

**कार्यालय रा.नि.म. पेण्डारी, तह सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सीमांकन/स्थल निरीक्षण सूचना**

दिनांक 16/04/2025

प्रति, सर्वश्री / श्रीमती 1. राम सिंह / विचित आवेदक 2. अजय कुमार सिंघल, भूमिका सिंघल, बिलासपुर 3. मनोज कुमार श्रीवास 4. नेमीचंद जैन वास्ते दीपक कुमार जायसवाल 5. टाप सिंह रात्रे 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

विषयः-सीमांकन/स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भः-न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 11/04/2025

संदर्भित विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम पेण्डारी प.ह.न. 47 रा.नि.म. पेण्डारी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 1210/34 रकबा 0.0065 हे. एकड./ हेक्टेयर भूमि स्वामी राम सिंह पिता/पति विचित राम के द्वारा सीमांकन/स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल निरीक्षण दिनांक 07.05.2025 को लगभग 10.00 से 5:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.म. पेण्डारी, तह. सकरी**

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

1- May- BSP- P-7 FULL-PAGE_Layout 1 5/1/2025 11:45 PM Page 1





## खबर संक्षेप

### नहाते समय नदी में डूबकर युवक की मौत

**बिलासपुर।** नहाते समय डूबकर एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, छेरकाबांधा निवासी मणीशंकर बिंझवार पिता सौखीलाल 23 साल शाम के समय अरपा नदी में नहा रहे थे। गहराई में जाने से बहाव में आकर डूब गए। शोर मचाने पर गांव के लोगों ने नदी में छलांग लगाकर उन्हें बाहर निकाले और इलाज के लिए रतनपुर अस्पताल लेकर आए, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है।

### वकील की कार का ग्लास तोड़ा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सदर बाजार में दुकान के सामने कार खड़े करना वकील को महंगा पड़ गया। दुकान के दो युवकों ने उन्हें कार खड़े करने से मना किया, नहीं हटाने पर पत्थर मारकर कार का कांच तोड़ दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, नर्मदा नगर निवासी वकील कपिल मैनी पिता डा. अनिल कुमार मैनी 30 अपैल को आनी पत्नी के साथ सामान खरीदने सदर बाजार गए थे। शाम 7.45 बजे वे अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एयू, 3865 में बैठे हुए थे। उनकी पत्नी पास के दुकान से आ रही थीं। उन्होंने उन्हें लेने के लिए राजेश मेटल के सामने अपनी गाड़ी रोकी, उनके साथ उनका एक साल का बेटा भी था। राजेश मेटल से दो व्यक्ति बाहर निकले उन्हें कार हटाने के लिए कहा तथा गाली गलौज करने लगे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए पत्थर उठाकर उनकी कार के पीछे लगे ग्लास में मार दिया। जिससे ग्लास क्षतिग्रस्त हो गया। उनकी पत्नी ने विरोध किया तो उनके साथ भी दोनो व्यक्तियों के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया है।

### घुटकू और जूनाडीह में बेपटरी हुई मालगाड़ी

**बिलासपुर।** बुधवार की रात घुटकू और जूनाडीह में मालगाड़ी बेपटरी हो गई, जिसे पटरी पर लाने के लिए करीब दो घंटे से अधिक मशक्कत करना पड़ा। जानकारी के अनुसार घुटकू साइडिंग में एक एन बॉक्स मालगाड़ी लाइन नम्बर दो से रवाना की गई थी। इस गाड़ी को लोको पायलट अजय कुमार चल रहे थे। रात 10 बजे लाइन नम्बर दो पर चल रही मालगाड़ी के दो पहिए बेपटरी हो गए। इसका सूचना मिलते ही लाइन पर से करंट सप्लाई बंद कर संबंधित विभाग को सूचित किया गया। रात 10 बजकर 55 मिनट पर बिलासपुर से एक एआरटी घुटकू स्टेशन साइडिंग के लिए रवाना हुई, जहां पहुंचने के बाद बेपटरी हुई मालगाड़ी के पहिए को पटरी पर लाने के लिए दो घंटे से अधिक का समय लग गया। इसी तरह जूनाडीह साइडिंग में रात 9 बजकर 30 मिनट पर मालगाड़ी के दो पहिए पटरी से उतर गए थे।

**14 हजार 500 स्ट्रीट लाइट तो 750 खंभे लगाए जाने हैं, एक मई थी अंतिम तारीख** | **निगम ने नए सिरे से 5 करोड़ 48 लाख 27 हजार रुपए का नया टेंडर जारी किया**

# शहर में 14 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइट खराब, अधिकांश क्षेत्र अंधेरे में, साढ़े पांच करोड़ का टेंडर भी निरस्त कर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में 14 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइटें खराब हैं और अधिकांश क्षेत्र अंधेरे में डूबे हुए हैं। निगम ने इसके सुधार के लिए साढ़े पांच करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया था। इस टेंडर में तकनीकि त्रुटि और निगम को हो रहे वित्तीय नुकसान के बाद रद्द कर दिया गया है। इसके बाद निगम ने 5 करोड़ 48 लाख 27 हजार रुपए का नया टेंडर जारी किया है। इसमें 14 हजार 500 स्ट्रीट लाइट तो 750 खंभे लगाए जाने हैं। गुरुवार एक मई 2025 टेंडर भरने की अंतिम तारीख थी। इसके बाद टेंडर ओपन करते हुए वित्तीय बिड देखी जाएगी।

ज्ञात हो कि दिन ढलते ही निगम क्षेत्र की कई सड़कें अंधेरे में समा जा रहीं है। यह स्थिति ज्यादातर उन क्षेत्रों में हैं जो निगम में शामिल हुईं हैं। 15 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइट खराब हुई तो इसे सुधारने के लिए निगम ने साढ़े पांच करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया। पार्षदों ने भी मांग की कि शहर के विभिन्न स्थानो में स्थापित पोल खराब स्थिति में आ गए है तथा कई स्थानो में स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य की जरूरत है। इसके लिए एस्टीमेंट तैयार करते हुए टेंडर जारी किया गया। इसमें 4 निविदाकारों ने टेंडर भरा था।




### जांजगीर की कंपनी को मिला था काम

मेसर्स उदय श्री ग्रुप जे.वी जांजगीर ने 2.3 प्रतिशत बिलो रेट भरा और कम दर के हिसाब से टेंडर इस कंपनी को मिल भी गया। इससे पहले की कंपनी को वर्क आर्डर जारी होता इसका विरोध होना शुरू हो गया। पार्षद विजय ताम्रकार ने इसकी लिखित शिकायत भी निगम आयुक्त से करते हुए एमआईसी में उठाया। इसमें कहा गया कि इसी तरीके के दूसरे काम बिलासपुर नगर निगम में ही 28 से 30 प्रतिशत बिलो रेट पर हो रहें है। अधिकारियों ने लेकिन मिलीभगत करते हुए जांजगीर की ठेका कंपनी को 2 प्रतिशत बिलो रेट पर काम दे दिया है। इससे निगम को करीब सवा करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। 20 से 22 प्रतिशत बिलो रेट पर टेंडर किए जाने से निगम को इस राशि की बचत होगी। अब निगम ने इस पूरे टेंडर को निरस्त करते हुए रि टेंडर किया है। इस टेंडर में भाग लेने की अंतिम तिथि एक मई 2025 थी।

### ईईएसएल का ठेका समाप्त

ज्ञात हो कि स्ट्रीट लाइटों के मेंटेनेंस कर रही ईईएसएल का ठेका अब समाप्त चुका है। अब स्ट्रीट लाइटों के रिपेयरिंग की पूरी जिम्मेदारी निगम की है। निगम ने अपने बिजली विभाग के 15 कर्मचारियों को कंपनी के इसी काम में तैनात कर रखा था। ध्यान रहे कि नगर निगम के दायरे में 34 हजार 330 स्ट्रीट लाइटें हैं। इसमें 28 हजार 563 ईईएसएल और 5767 स्ट्रीट लाइटें निगम की लगवाई हुईं हैं। ईईएसएल का ठेका समाप्त होने के बाद संचालनालय ने निगम से ईईएसएल द्वारा लगाई गई लाइटों की वर्तमान स्थिति की जानकारी मांगी है। इसमें कितनी लाइटें चालू, कितनी बंद या कितनी में तकनीकी खराबी है, इसकी जानकारी मांगी गई है। बताया जा रहा है लाइटों की स्थिति के आधार पर ही बकाया राशि का भुगतान ठेका कंपनी को किया जाएगा।

### बिजली व्यवस्था पर हाईकोर्ट की नाराजगी

स्ट्रीट लाइट खराब होने के साथ ही शहर की चौपट बिजली व्यवस्था पर हाईकोर्ट भी नाराज हो चुका है। निगम आयुक्त की ओर से लिखित शपथपत्र प्रस्तुत कर बताया गया है कि पूरे शहर में बिजली व्यवस्था को ठीक करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इसके लिए अलग अलग दल अपना काम करने में जुटे हैं। जिस जगह पर लाइट खराब है उसे सुधारा या बदला जा रहा है।

### काम की गुणवत्ता महत्वपूर्ण है

ठेकेदार अधिक बिलो रेट पर टेंडर लेकर ठीक से काम नहीं करते हैं। इस पर खास ध्यान दिया जा रहा है। काम की गुणवत्ता सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। आपत्ति के बाद स्ट्रीट लाइट लगाने का साढ़े पांच करोड़ का टेंडर निरस्त करते हुए रिटेंडर किया गया है।

\- **श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर, बिलासपुर

चक्रवाती तूफान का असर, मौसम विभाग ने दी चेतावनी

# मौसम हुआ सुहाना, पारा भी लुढ़का विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वैशाख के महीने में आषाढ़ की आंधी चलने से मौसम बदल चुका है। गुरूवार को अंधड़ चलने के बाद मौसम पूरी तरह से सुहाना हो गया। इस दौरान हल्की बारिश भी हुई। जिसके बाद अधिकतम तापमान में सामान्य से कमी आ चुकी है। खास बात यह है कि चक्रवाती तुफान का असर मौसम विभाग पर भी पड़ा है, बताया जा रहा है कि तूफान की चपेट में आने के कारण रायपुर कार्यालय में बिजली संकट पैदा हो चुका है।

मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है, गुरूवार को जहां सुबह से ही धूप खिली रही, वहीं दोपहर बार अचानक मौसम बदलने लगा और शाम होते-होते आंधी चलने लगी। पश्चिमी विक्षोभ के चलते आगामी 4 से 5 दिनों इसी प्रकार के मौसम का आकलन विभाग द्वारा की जा रही है, ऐसे में प्रदेश के कई हिस्सों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

### अगले 4 दिन होगी हल्की बारिश

बदले मौसम की वजह से गर्मी और उमस से राहत मिल रही है, मौसम विभाग ने अगले 4 दिन अंधड़ और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हल्की बौछारें पड़ने का अलर्ट जारी कर दिया है।

### पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव

मौसम वैज्ञानिक सुनील गुप्ता के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बने ट्रफ के कारण मौसम में बदलाव हो चुका है। इस दौरान 40 से 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल रही है, जिसके चलते आम जन जीवन भी अस्त व्यस्त हो चुका है।

बिलासपुर के लिए यलो अलर्ट मौसम विभाग द्वारा जारी किया गया है। आम तौर पर इन दिनों 42 से 43 डिग्री के बीच अधिकतम तापमान दर्ज किया जाता है, लेकिन वर्तमान में अधिकतम तापमान 38 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में सीधे तौर पर काफी अंतर आ चुका है, लोगों को गर्मी से थोड़ी बहुत राहत भी मिल रही है।

गुरूवार की शाम हल्की बारिश होने के बाद मौसम पूरी तरह से सुहाना हो गया, और लोगों को राहत महसूस हो रही है।



### अंधेरे में कट रहीं रातें, सुधार में लगाते हैं 8 घंटे

बिजली व्यवस्था चरमरा रही है, शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिजली की आंखमिचौली जारी है, हालत यह है कि कई क्षेत्रों में रात होते ही पॉवर कट हो जाता है, जिसके बाद उपभोक्ताओं को कई घंटों तक अंधेरे में गुजारना पड़ रहा है, वहीं वितरण केन्द्र होने के बाद भी 7 से 8 घंटे तक कर्मचारी सुधार कार्य के लिए नहीं पहुंच रहे हैं, ऐसे में गर्मी और उमस से उपभोक्ताओं को बेचैन होना पड़ रहा है।

मौसम का मिजाज बदलते ही बिजली भी रुला रही है, जहां शहर में बिजली की लुकाछिपी जारी है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी घंटों सप्लाई बाधित होने की नौबत आ रही है। शहर में बिजली संबंधी शिकायत के लिए फ्यूज कॉल सेंटर बनाए गए हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में यह व्यवस्था नहीं है। तिफरा को छोड़ बाकी जगहों पर फ्यूज कॉल सेंटर नहीं है, ऐसे में वितरण केन्द्रों के लाइन स्टाफ और कर्मचारियों के भरोसे ही सप्लाई सुधारी जाती है। बताया जा रहा है कि पिछले 3 दिनों से सकरी, बिरकोना, खमतराई, बहतराई, ढेका, सिलपहरी में बिजली की आवाजाही जारी है। खमतराई में

#### यहां बंद रही बिजली

शाम होते ही आंधी तूफान के बाद कई इलाकों में बिजली बंद रही, इस दौरान कतियापारा, जूना बिलासपुर, मसानगंज, अशोक नगर, राजकिशोर नगर, हेमूनगर क्षेत्र में बिजली की समस्या रही, हालांकि 20 से 25 मिनट के अंतराल में बिजली सप्लाई नार्मल कर दी गई। वहीं दोपहर में चांटीडीह, शनिचरी, गांधी चौक के आसपास के क्षेत्रों में कई बार बिजली आती व जाती रही, जिससे उपभोक्ता खासे परेशान रहे।

बुधवार की रात बिजली की लो वोल्टेज की समस्या रही, क्षेत्र के लोगों ने बिजली कर्मचारी से शिकायत भी की, लेकिन इसके बाजवूद सुधार कार्य नहीं हो सका और गुरूवार की दोपहर बाद बिजली बहाल की जा सकी। इसी प्रकार तिफरा क्षेत्र में भी बिजली बंद होने की शिकायत लगातार मिल रही है इस दौरान गैंग की कमी के चलते सुधार कार्य में काफी विलंब होने की शिकायत उपभोक्ता कर रहे है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक साथ कई जगहों पर फाल्ट मिलने के कारण सुधार कार्य में देरी होती है।

## वंदेभारत और बरौनी सहित 20 ट्रेनों के पहिए थमेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर के बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन के बाद अब नागपुर डिवीजन के राजनांदगांव से कलमना स्टेशन के बीच तीसरी लाइन का काम करने के लिए हावड़ा-मुम्बई की मुख्य ट्रेनों के साथ वंदेभारत और बरौनी सहित 20 से अधिक ट्रेनों को 7 मई तक अलग-अलग दिनों में रद्द करने का निर्णय लिया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन अंतर्गत नागपुर मंडल के राजनांदगांव से कलमना रेल खंड के बीच तीसरी रेल लाइन को गोंदिया रेलवे स्टेशन से जोडने का कार्य, इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग कार्य 4 मई और 5 एवं 6 मई तक किया जाएगा। रेलवे के अनुसार राजनांदगांव से कलमना तक बनने वाली तीसरी लाइन 228 किलोमीटर है, जिसकी लागत 3544 करोड़ रुपए है। इस कार्य के कारण 50 से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का आर्डर दिया गया है। रद्द ट्रेनों के साथ कुछ ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से भी चलाई जाएगी, इसमें 1 मई को 16367 कन्याकुमारी-बनारस एक्सप्रेस बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी एवं जबलपुर होकर, 4 मई को 16368 बनारस-कन्याकुमारी एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 3 मई को 12152 शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस कटनी, जबलपुर, इटारसी, भुसावल होकर, 4 मई को 12389 गया-चेन्नई एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 4 मई को 12389 गया-चेन्नई एक्सप्रेस जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बल्लारशाह स्टेशन होकर, 5 मई को 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस कटनी, जबलपुर एवं इटारसी होकर और 5 मई को 12390 चेन्नई-गया एक्सप्रेस बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी एवं जबलपुर होकर चलेगी। इसके अलावा 3 से 7 मई तक अप-डाउन गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर, 4 और 6 मई को ओखा-हावड़ा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस और लोकमान्य तिलक टर्मिनस-पूरी एक्सप्रेस, 2 और 4 मई को पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस, 4 व 6 मई को हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मेल एक्सप्रेस, 2 से 6 मई बरौनी गोंदिया और 3 से 7 मई तक गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस, 3 व 5 मई को हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस, 4 से 7 मई तक गोंदिया से रायगढ़ के बीच चलने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस आदि ट्रेनें शामिल हैं।



### तीसरी लाइन परियोजना का काम प्रगति पर

राजनांदगांव से कलमना तीसरी लाइन परियोजना की लंबाई 228 किलोमीटर है, जिसे 3544 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना में 193 किलोमीटर तीसरी लाइन जुड़ चुके हैं। रिमॉडलिंग के बाद गोंदिया यार्ड में 10 रेल लाइन और 505 रूट होंगे, जिससे यह चार दिशाओं दुर्ग, नागपुर, जबलपुर और बल्हारशाह के लिए गोंदिया स्टेशन प्रमुख जंक्शन बन जाएगा। इसमें 8 पुराने पाइंट्स को हटाने के बाद 16 नए पाइंट्स जोड़ने के साथ 1400 मीटर ट्रैक को बदला गया। 44 ओएचई मास्ट और 4 पोर्टल हटाए गए तथा 55 नए मास्ट व 5 पोर्टल लगाए गए हैं। इस कार्य में 425 श्रमिक, 25 पर्यवेक्षक, 20 इंजीनियर और 12 अधिकारी लगे हुए हैं।

# ब्राह्मण समाज को आबंटित भूमि में 96 अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- चिन्हांकन कर बनाया गया नक्शा
- जल्द होगी बेदखली की कार्रवाई

राजस्व विभाग द्वारा खमतराई में ब्राह्मण समाज को भवन निर्माण हेतु आबंटित भूमि चिन्हांकित कर ली गई है। दो एकड़ रकबे वाली इस भूमि पर 96 अवैध कब्जे पाए गए हैं।

राजस्व विभाग द्वारा सभी अवैध कब्जाधारियों को बेदखली का नोटिस जारी किया गया है। अगली कार्यवाही जल्द ही की जाएगी। सरकार से भवन निर्माण के लिए दो एकड़ भूमि प्राप्त करने के बाद ब्राह्मण समाज की गुम हो चुकी भूमि का चिन्हांकन आखिरकार कर लिया गया है। राजस्व विभाग के अनुसार भूमि पर 96 लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना लिए हैं। विभाग द्वारा भूमि का नक्शा काटकर अवैध कब्जाधारी सभी 96 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार जल्द ही बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। इधर खमतराई में अवैध कब्जा कर मकान बनाने वाले 412 कब्जाधारियों को नोटिस जारी करने के मामले में अब तक आधे लोगों ने भी नोटिस का जवाब देने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है। इसके विपरीत जिन लोगों ने जवाब प्रस्तुत किए भी हैं, उन्होंने मालिकाना हक संबंधी किसी भी तरह के दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए हैं।

राजस्व विभाग के अनुसार जवाब प्रस्तुत करने के लिए कुछ दिनों का समय देने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बेदखली की कार्यवाही की जाएगी।

### अब भी निर्माणाधीन हैं कई मकान

खमतराई में अवैध कब्जाधारियों को बेदखल करने की सुगबुगाहट करीब एक वर्ष पूर्व से चल रही है, लेकिन कब्जाधाारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि किसी भी तरह की कार्रवाई को लेकर उनके मन में भय नहीं है। परिणाम स्वरूप खमतराई में आज की स्थिति में भी नए भवनों का निर्माण जारी है। लोग न केवल नए घर बना रहे हैं, बल्कि उसकी साज-सज्जा में मोटी रकम भी खर्च कर रहे हैं। जबकि इस बात की जानकारी उन्हें भी भलीभांति है कि प्रशासन द्वारा तोड़फोड़ वाली कार्रवाई कभी भी की जा सकती है।

### किया गया है चिन्हांकन

ब्राह्मण समाज को आबंटित भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है। इसमें 96 अवैध कब्जे मिले हैं। खमतराई के नोटिस पाने वाले बेजा-कब्जाधारियों में से आधे के भी जवाब अभी नहीं आए हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।

-**राहुल शर्मा**, नायब तहसीलदार बिलासपुर

### बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्लीपर कोच

**बिलासपुर।** रेलवे ने यात्रियों को बेहतर सफर की सुविधा और अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए बिलासपुर से रींवा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का निर्णय लिया है।

18247/18248 बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा 1 से 31 मई तक और रींवा से 2 मई से 1 जून तक यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगा, जिससे वेटिंग में सफर करने वाले यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा मिल सकेगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## रिटायर्ड नर्स को गिराकर 34 हजार रुपए लूटकर भागा युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बैंक से पैसा निकालकर पैदल जा रही रिटायर्ड नर्स को एक युवक ने धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद 34 हजार रुपए सहित थैला लूटकर भाग निकला। पुलिस लुटेरे युवक को पकड़ नहीं पाई है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, कस्तूरबा नगर कारगील चौक निवासी रिटायर्ड नर्स मनोरमा मसीह पति शांती एल मसीह 30 अप्रैल को पेंशन की राशि भारतीय स्टेट बैंक नेहरू चौक से 23 हजार रुपए निकालकर आटो से टिकरापारा मामा भांजा तालाब के पास यूको बैंक गई। उन्होंने अपने खाते 11 हजार रुपए निकाला। इस तरह से उन्होंने कुल 34 हजार रुपए गुलाबी पर्स में रखकर उसे कपड़े के थैले में रख लिया। वे बैंक से शिवटाकीज चौक की ओर पैदल जा रही थीं। मामा भांजा तालाब के पास पीछे से एक युवक आया और उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद 34 हजार रुपए सहित थैला लूटकर मन्नू चौक की ओर भाग गया। उन्होंने फोन से घटना की सूचना घर में दी। उसके बाद उनका बेटा शशिकांत मसीह मौके पर आया और दोनों ने आसपास में युवक की तलाश की, किन्तु वह नहीं मिला। श्रीमती मसीह ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक की तलाश में जुट गई है।



